तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 97 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 28 दिसम्बर 2024 डाक 29 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

कांग्रेस समर्थकों ने अमृतसर में श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका गुरुवार को निधन हो गया था

देश-विदेश

आज निगम बोध घाट पर होगा मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार, सरकार के फैसले से कांग्रेस नाराज

फीचर

निखिता गांधी ने श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया

पंचतत्व में विलीन हुए मनमोहन सिंह, राजकीय सम्मान के साथ देश ने नम आंखों से दी आखिरी विदाई

राष्ट्रपति मुर्मु और पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, राहुल गांधी ने पार्थिव शरीर को दिया कंधा

नईदिल्ली, 28 दिसंम्बर [एजेंसी]।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति की ऐसी शख्सियत थे जो बेहद कम बोलते थे। मगर जब बोलते, तो सभी उनकी बात सुनते थे। अब वह शख्सियत हमेशा के लिए मौन हो गई। मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की आयु में दिल्ली एम्स में गुरुवार रात अंतिम सांस ली। दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। पूरे देश ने उन्हें नाम आंखों से विदाई दी. यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वहीं उनकी बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगम घाट पर मौजूद हैं। इससे पहले, शुक्रवार को उनके आवास पर पीएम मोदी-राष्ट्रपति मुर्मू समेत देश के तमाम नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए निगम बोध घाट ले जाया जा रहा है। विशेष वाहन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सवार हैं। मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू। राहुल गांधी ने पूर्व पीएम की पार्थिव देह को कंधा दिया। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निगम बोध घाट पर देश के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह आदि ने निगम बोध घाट पर मनमोहन सिंह को दी अंतिम श्रद्धांजलि दी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने निगम बोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि दी। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत पहुंचे हैं। सोनिया गांधी ने निगम बोध घाट पर मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए निगम बोध घाट के अंदर लाया गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने निगम बोध घाट पहुंचीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने निगम बोध घाट पहुंच गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए निगम बोध घाट के लिए रवाना हुए। मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को निगम बोध घाट लेकर जाया जा रहा है। उनके विशेष वाहन के पीछे हजारों लोगों की भीड़ चल रही है। तस्वीरों में देखिए किन नेताओं ने दी अंतिम श्रद्धांजलि। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने कहा कि आज भारत ने एक महान व्यक्ति खो दिया है। वह न केवल एक अच्छे नेता थे बल्कि एक बहुत अच्छे इंसान भी थे। लोग उन्हें एक कमजोर प्रधानमंत्री कहते थे लेकिन यह बिल्कुल गलत था। उन्होंने हमेशा देश के लिए काम किया, वह एक मजबूत और दयालु व्यक्ति थे।कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, यह दुख की घड़ी है। एक महान व्यक्ति, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और विश्व के नेता आज हमारे बीच नहीं रहे। ये केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए दुखद पल है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

अमित शाह ने की आईटीबी जवानों की तारीफ, बोले- आप पर देश को गर्व

भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने बताया हीमवीर

नईदिल्ली, 28 दिसंम्बर [एजेंसी]।

गृह मंत्री अमित शाह ने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों व मौसम में देश की सीमा की रक्षा करने वाले इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस के जवानों की तारीफ की।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- कठिन परिस्थितियों में भी सरहद की रक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आईटीबीपी के जवानों पर देश को गर्व है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के माध्यम से आईटीबीपी सीमा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति भी दे रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी सरहद की रक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आईटीबीपी के जवानों पर देश को गर्व है। 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के माध्यम से आईटीबीपी सीमा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति भी दे रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए वाइब्रेंट विलेज की अवधारणा पेश की है, ताकि उनकी आबादी न केवल कायम रहे बल्कि बढ़े भी। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में विकास कार्य करने के लिए आईटीबीपी को नोडल एजेंसी भी बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे लिखा- गढ़वाल (उत्तराखंड) से सांसद अनिल बलूनी ने आईटीबीपी के वीर जवानों के बीच समय व्यतीत कर रात्रि विश्राम किया, हिमवीरों की प्रतिबद्धता और समर्पण को सराहा व उनका मनोबल बढ़ाया। दरअसल शुक्रवार को गढ़वाल से भाजपा सांसद ने आईटीबीपी के जवानों के साथ दिन व्यतीत किया था। सांसद बलूनी ने उन्हें हिमवीर कहा, जो सबसे चुनौतीपूर्ण मौसम और ठंडे तापमान में सीमाओं पर देश की रक्षा के लिए तैनात हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केटीआर की बढ़ी मुश्किलें, ईडी ने 7 जनवरी को किया तलब

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने फरवरी 2023 में हैदराबाद में आयोजित फॉर्मूला-ई रेस के दौरान कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता केटी रामा राव (केटीआर) को अगले महीने पूछताछ के लिए तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने तेलंगाना पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पिछले सप्ताह धन शोधन निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामले में एफआईआर दर्ज की थी। सूत्रों ने बताया कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे केटीआर को 7 जनवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए पेश होने को कहा गया है।

भुवनेश्वर में बवाल, विधायक की गाड़ी में उपद्रवियों ने लगा दी आग, बगल में रुके थे हाईकोर्ट के जज

भुवनेश्वर। फूलवाणी सर्किट हाउस परिसर में उपद्रवियों ने विधायक उमाचरण मलिक की गाड़ी में आग लगा दी। सर्किट हाउस गैरज में दो अन्य दोपहिया वाहनों को पूरी तरह से जला दिया गया, जबकि विधायक की इनोवा गाड़ी (ओडी-12एफ-7626) आंशिक रूप से जल गई है। विधायक मलिक शुक्रवार रात फुलवाणी सर्किट हाउस में ठहरे थे।

सर्किट हाउस के दूसरे कमरे में हाईकोर्ट के जज भी रुके थे। हालांकि, रात करीब 2 बजे जज की सुरक्षा के प्रभारी होमगार्ड ने देखा कि विधायक की गाड़ी समेत दो बाइक में आग लग गई है। होमगार्ड ने सर्किट हाउस स्टाफ को बुलाया। पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी गई। बिजली विभाग के कर्मी भी बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका के साथ मौके पर पहुंचे।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन

पूर्व आबकारी मंत्री और कांग्रेस नेता कवासी लखमा सहित अन्य के यहां छापा

रायपुर, 28 दिसंम्बर [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा के धरमपुरा, रायपुर स्थित निवास पर छापा मारा है।

ईडी की कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ के जवान घर को घेरे हुए हैं. ईडी की टीम सुबह से ही कांग्रेस नेताओं के घरों पर छापेमारी में जुटी है. इसके पहले सुकमा में कवासी लखमा के बेटे और जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घरों पर ईडी की टीम ने दबिश दी थी. सूचना रायपुर पहुंचने से पहले ही कवासी लखमा के भी घर में ईडी की टीम ने दस्तक दे दी थी।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार टक्कर ड्राइवर की मौत, 10 घायल

बिलासपुर (रामपुर)। नैनीताल हाईवे पर कोतवाली के पास उत्तराखंड की हल्द्वानी डिपो रोडवेज बस और चावल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कंडक्टर समेत 10 लोग घायल हो गए हैं। वहीं ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। उत्तराखंड के हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बस पर ड्राइवर रमनदीप सिंह और कंडक्टर चंदन सिंह डंगवाल सवार थे। गंभीर रूप से घायल परिचालक ने बताया कि वह दिल्ली से सवारियां भरकर हल्द्वानी उत्तराखंड जा रहा था। बस में चालक-परिचालक समेत 14 यात्री सवार थे। उसने बताया कि तड़के सवेरे करीब सवा पांच बजे चालक रमनदीप को नींद की झपकी आ गई। इस दौरान बस सामने से आ रही चावल से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना कोतवाली के समीप होने पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। बाद में पुलिस ने बस में फंसे खून में सने यात्रियों को जैसे-तैसे बाहर निकलवाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया जहां से उनका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और उनके पिता को जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी



संभल, 28 दिसंम्बर [एजेंसी]।

सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और उनके पिता ममलुकुर्रहमान बर्क को जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। सांसद के आवास में कार्यरत केयरटेकर का आरोप है कि दूसरे संप्रदाय के युवक ने पहले 20 दिसंबर को जामा मस्जिद में घुसने की कोशिश की थी और अब सांसद के घर आकर धमकी देकर गया है। मामले ने केयर टेकर ने नखासा पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।दरअसल, सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित आवास पर मुहल्ला लोधी सराय निवासी कामिल केयर टेकर के रूप में कार्यरत है। कामिल का आरोप है कि गुरुवार की शाम दूसरे संप्रदाय का एक युवक सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास में घुस आया और सांसद व उनके पिता को पूछने लगा। आरोप है कि युवक ने सांसद और उनके पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के बारे में अपशब्द कहे और कहने लगा कि दोनों बाप बेटों ने परेशान कर रखा है। युवक को काफी समझाया, लेकिन वह नहीं माना और सांसद व उनके पिता को जान से मारने धमकी देकर चला गया।

आप उनके शुभचिंतक नहीं, डल्लेवाल को अस्पताल में शिफ्ट नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेताओं को लगाई फटकार

चंडीगढ़। खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेताओं को फटकार लगाई है। उन्होंने उन किसान नेताओं को फटकार लगाई, जो डल्लेवाल को उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के कारण अस्पताल में शिफ्ट करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि कृपया उन्हें बताएं कि जो लोग डल्लेवाल के अस्पताल में भर्ती होने का विरोध कर रहे हैं, वे उनके शुभचिंतक नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता प्रदान करने और उन्हें अस्पताल जाने के लिए मनाने के 20 दिसंबर के आदेशों के अनुपालन के संबंध में पंजाब के प्रयासों से संतुष्ट नहीं है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शनिवार दोपहर एक बजे तक डल्लेवाल को किसी कीमत पर अस्पताल दाखिल करवाया जाए। लेकिन अभी तक उन्हें अस्पताल में शिफ्ट नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अगर पंजाब राज्य को किसी सहायता की आवश्यकता है, तो केंद्र सरकार अदालत के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी अपेक्षित सहायता देगी। सुप्रीम कोर्ट मामले की अगली सुनवाई 31 दिसंबर को करेगा।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र चिकनीपाली का किया निरीक्षण

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज विकासखंड करतला के धान उपार्जन केन्द्र चिकनीपाली का निरीक्षण कर धान खरीदी की जानकारी ली। कलेक्टर ने उर्पाजन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन अब तक हुए धान खरीदी, राशि भुगतान एवं केंद्र में उपलब्ध बारदानों के सम्बंध में जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र में धान भंडारण, स्टैकिंग व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, धान की नमी परीक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने धान विक्रय के लिए आए किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए धान की नमी का भी अपने समक्ष जांच करवाई और बोरी में भरे धान का इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में माप करवाकर वजन का सत्यापन कराया।

इस दौरान समिति में किसानों की धान को बिना पलटी किए सीधा बारदाने में भरकर तौलाई करने, समिति प्रबंधक की केंद्र में अनुपस्थित रहने एवं केंद्र में अनेक स्थानों पर अव्यवस्था मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने केंद्र में धान खरीदी कार्य मे नियमों का पालन नही करने के कारण समिति प्रबंधक एवं तौल प्रभारी को खरीदी कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उपार्जन केंद्रों में धान की तौलाई से पहले अनिवार्य रूप से पलटी कराना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिससे केंद्र में गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी हो सके। इस अवसर पर एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार श्री राहूल पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अजा. अजजा. व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाइन छात्रवृति हेतु आवेदन की तिथि में की गई है वृद्धि

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एक जनवरी से आवेदन आमंत्रित

कोरबा । कोरबा जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पालीटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आई.टी.आई. एवं डाईट आदि में अध्ययनरत ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, के लिए शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।विद्यार्थियों के आवेदन, पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में निर्धारित तिथि में वृद्धि की गई है। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) एक जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु एक जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक, सेशन आर्डर लॉक करने हेतु एक जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक तथा सेशन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित भुगतान की जा रही है। इस हेतु सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

आंगनबाड़ी सहायिका के भर्ती हेतु अनंतिम सूची जारी

कोरबा । एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनंतिम सूची जारी किया गया है। अभ्यर्थी जारी सूची का अवलोकन परियोजना कार्यालय तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सूचना पटल पर कर सकते हैं। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी अनंतिम सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा आपत्तियां 30 दिसंबर से 08 जनवरी तक आमंत्रित किया गया है।

मादक पदार्थ गांजा को आज किया जाएगा नष्ट

कोरबा । पुलिस अधीक्षक कोरबा के अन्तर्गत आने वाले थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ (गांजा) के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि व्यपन समिति गठित की गई है। एनडीपीएस के प्रकरणों में नष्टीकरण हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कर थाना के द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची तथा मूल प्रपत्र समिति को प्रस्तुत की गई है। जिसके अन्तर्गत नष्टीकरण हेतु मादक पदार्थ की मात्रा 235.65 किलोग्राम गांजा, तीन नग गांजा पौधा एवं 249 नग कैप्सूल शामिल है। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों को 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे बाल्को पावर प्लांट के भट्ठी में विधिवत जलाकर नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त तिथि को चयनित स्थल में मादक पदार्थों (गांजा) के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के सदस्यों के समक्ष पंचनामा तैयार कर की जाएगी।

पूर्व एल्डरमैन ठाकुर प्रसाद अकेला का हुआ निधन

कोरबा । कोरबा अंचल के कोरबा-पश्चिम क्षेत्र घुडदेवा निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर प्रसाद अकेला का निधन बालको अस्पताल में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान घुडदेवा से निकलेगी स्थानीय मुक्तिधाम जाएगी। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर फैल गई है। वे सरल, सहज, शांत स्वभाव, मृदभासी और मिलनसार व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उनके निधन पर स्थानीय पार्षद पवन गुप्ता ने दुख व्यक्त करते हुए बताया यह हमारे कांग्रेस परिवार सहित अंचल के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं।

कलेक्टर ने भैंसमा एवं तुमान में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वयवंदन कार्ड बनाने हेतु लगाए गए शिविर का किया निरीक्षण

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वंसत ने आज कोरबा विकासखण्ड के भैंसमा एवं करतला विकासखण्ड के तुमान में 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वयवंदन कार्ड बनाने हेतु लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों का प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री सरोज महिलांगे सहित सम्बंधित विकासखण्ड के जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने भैंसमा में लगे शिविर का अवलोकन करते हुए लक्षित लोग एवं अब तक बने कुल कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें कार्ड से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया।इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र तुमान एवं गाँव मे लगे शिविर का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने सभी शिविरों में च्वाइस सेंटर के कम्प्यूटर ऑपरेटर की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न पारा मोहल्लों में दिन निर्धारित कर शिविर लगाने के लिए कहा।

कलेक्टर ने शिविर के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराने एवं घर घर जाकर लक्षित हितग्राहियों को शिविर के सम्बंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। जिससे 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी वयोवृद्ध शिविर में आकर अपना कार्ड बनवा सकें। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को सभी हितग्राहियों को आयुष्मान वयवंदन कार्ड से मिलने वाले लाभ के सम्बंध में पूरी जानकारी प्रदान करने के भी निर्देश दिए। जिससे उन्हें ये जानकारी रहे कि राज्य के सभी शासकीय एवं इम्पैनल निजी अस्पतालों में कार्ड के माध्यम से उपचार के दौरान 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

डोर टू डोर जा रहे आयुक्त

कोरबा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के नियमित रूप से शहर भ्रमण करने एवं वार्ड व बस्तियों में अधिकारियों की टीम के साथ दस्तक देने के परिणाम स्वरूप शहर के विकास कार्य को लगातार गति मिल रही है, वहीं दूसरी ओर जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो रहा है। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 23, 25, 26 व 27 के विभिन्न मोहल्लों, बस्तियों का भ्रमण किया, प्रगतिरत विकास कार्यों को देखा तथा साफ-सफाई कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप अधिकारियों की टीम के साथ शहर भ्रमण पर निकले आयुक्त आशुतोष पाण्डेय वार्ड क्र. 23 पं.रविशंकर शुक्ल नगर पहुंचे।

महतारी वंदन योजना से लाभार्थी कंचन सशक्त भविष्य की ओर बढ़ा रही कदम

परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य का रख रही ध्यान

कोरबा । रोजी मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महतारी वंदन योजना एक संजीवनी का काम कर रही है। इस योजना के माध्यम से उन्हें प्रतिमाह वित्तीय समर्थन मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा और परिवार के स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद कर रही है, बल्कि उनके जीवन को सशक्त और समृद्ध बनाने का एक मार्ग भी प्रदान कर रही है।

कोरबा विकासखंड के भैंसमा गांव की कंचन बाई यादव के जीवन में महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन की आर्थिक परेशानियाँ कम हुई हैं। पहले जहां रोजी-रोटी की संघर्ष में परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी चुनौतीपूर्ण था, वहीं अब महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक सहायता ने कंचन बाई को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर दिया है। लाभार्थी कंचन बाई के परिवार में उनके पति श्री शिव यादव सहित कुल 5 सदस्य हैं। उनके पति घरेलू खेती किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार का आजीविका चलाते है, लेकिन परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना हमेशा मुश्किल रहता था। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता ने उनके जीवन में बदलाव लाया है। अब कंचन बाई का परिवार न केवल आर्थिक दृष्टि से सशक्त हो रहा है। कंचन अब न केवल अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर पा रही हैं, बल्कि घर के खर्चों को भी आसानी से पूरा कर रही हैं। साथ ही बैंक में बचत राशि जमा कर परिवार के बेहतर भविष्य के लिए सुरक्षित वित्तीय आधार तैयार कर रही हैं। वह कहती हैं, पहले जीवन संघर्ष से भरा हुआ था, लेकिन इस योजना ने मेरी परेशानियों को काफी कम कर दिया है। अब मेरे परिवार को बेहतर जीवन जीने का मौका मिल रहा है। महतारी वंदन योजना ने न सिर्फ कंचन बाई के परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है, बल्कि उनके जीवन में एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया है। अब कंचन का सपना अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना अब हकीकत बनता दिख रहा है।

उपार्जन केंद्र पर बेहतर व्यवस्था और उचित मूल्य मिलने से किसानों का बढ़ रहा मनोबल

कोरबा । 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की सुविधा से अन्नदाताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह पहल किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है, और वे बड़ी संख्या में अपने धान को बेचने के लिए उपार्जन केंद्र पहुँच रहे हैं। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि वे सरकार की इस पहल के प्रति आभारी भी हैं। केंद्र पर बेहतर व्यवस्था और उचित मूल्य मिलने से किसानों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा है। बरपाली धान खरीदी केंद्र में अपना उपज बेचने आए ग्राम डनढनी के किसान श्री रेशमलाल ने बताया कि उन्होंने बड़ी आसानी से अपना धान विक्रय किया। उन्होंने इस प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बताते हुए कहा यह सुविधा हमारे लिए अत्यंत लाभकारी है, अब हमें अपनी फसल बेचने के लिए केंद्रों का चक्कर लगाना नही पड़ता, साथ ही टोकन के लिए लम्बी कतार में लगने से भी राहत मिली है। किसानों को टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से घर बैठे ही टोकन मिल रही है। केंद्र में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। धान केंद्र में लाते ही इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौलाई हो गई। साथ ही 72 घण्टे के भीतर राशि किसान के खाते में आ जा रही है। इस तरह की सुविधा से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि किसान को उचित मूल्य मिलना भी सुनिश्चित होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। कृषक रेशमलाल ने बताया कि आज वे अपनी 5 एकड़ भूमि से उपजाए 72 क्विंटल धान बेचने आए हैं। उन्होंने कहा मेहनत और उपज का सही मूल्य मिलने से मनोबल बढ़ता है, और किसान बेहतर उत्पादन की ओर प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि जब किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलता है, तो वे कृषि में अधिक मेहनत और सुधार लाने के लिए प्रेरित होते हैं।श्री रेशम लाल ने धान खरीदी की इस उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे न केवल किसानों को अपनी उपज बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है, बल्कि उनके कृषि कार्य में विश्वास और समर्पण भी मजबूत होता है।

पावर हाउस रोड में लग रहा जाम

कोरबा । कोरबा शहर की सड़कों पर गाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। रोजाना जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। खासकर वर्षों पुराने बने पावर हाउस रोड पर हर दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शहर के पॉवर हाउस रोड सुनालिया नहर चौक के पास दिन भर जाम की स्थिति निर्मित होती है। चौक के दोनों ओर गाड़ियों की रफ्तार सुस्त पड़ रही है। जाम से छुटकारा दिलाने के लिए यातायात पुलिस की ओर से मोर्चा संभाला गया है, लेकिन चौक पर गाड़ियों की संख्या इतनी अधिक रहती है कि यातायात पुलिस एक ओर से गाड़ियों को आगे बढ़ाती हैं इतनी देर में दूसरी ओर जाम लग जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़क की चौड़ाई कम होना माना जा रहा हैं और सड़क के दोनों ओर छोटे छोटे ठेलों का लगना बताया जा रहा है। सुनालिया नहर चौक के पास ठेलों की संख्या अधिक है। लोग यहां अपनी गाड़ियों को खड़ी कर ठेला में सामान खरीदने लगते हैं। ऑटो और बस के चालक भी गाड़ियों को रोककर सवारी बैठाते और उतारते हैं। बाइक या कार को खड़ी कर खरीदी के लिए दुकान में चले जाते हैं। इससे सड़क पर गाड़ियों के चलने के लिए जगह कम पड़ जाती है।

सहज भाव को मजबूत करने बांटते रहे सुख और दुख : सुरेंद्र बिहारी

कोरबा। जो मनुष्य आज के भौतिक सुख साधन की जगह आध्यात्मिक रास्ते को अपनाकर जीवन में चलता है और श्रद्धा और आध्यात्म के साथ जीवन व्यतीत करता है वह जीवन में श्रेष्ठ है। ऐसे व्यक्ति समाज में आध्यात्म का प्रचार प्रसार करने के साथ चिंतन करते हैं।

उक्त बातें डॉ. पंडित सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। श्री गोस्वामी दर्शन परिवार एमपी नगर द्वारा आयोजित 24 से 30 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा में मुख्य व्यास के रूप में उपस्थित होकर श्रद्धा और आध्यत्म पर प्रवचन दे रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आध्यात्म उन्हें विरासत में मिली है और वे अपने पिता चैतन्य गोस्वामी जी से किशोरवय अवस्था में ही दीक्षा लेकर देश-विदेश तक लोगों को सहजता का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना व्यवसायिक चिंतन के आध्यात्म एवं सनातन धर्म तथा हमारी विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के राजनांद गांव में ही जन्म लेकर देश-विदेश तक भगवत गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुख-दुख हमारे जीवन के अतिथि हैं। आते जाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सुख-दुख को एक दूसरे को बांटते रहना चाहिए, इससे मन में सहज भाव पुष्ट होता है। वे मनुष्य को सहज बनाने के लिए उपदेश देते फिर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मानव वही श्रेष्ठ है जो आध्यात्मिक रूप से धनवान है, न कि भौतिक रूप से धनवान व्यक्ति। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही उत्सव है और जीवन में सदैव उत्सव मनाते रहना चाहिए, यही जीवन का सार है। उन्होंने पत्रकारों के पूछे सवाल को सहज ढंग से जवाब दिया। इस अवसर पर दर्शन परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

माइक्रो फाइनेंस बैंक, माइक्रोफाइनेंस के रेगुलेटरी अथॉरिटी की बैठक हुई संपन्न

कोरबा । विगत दिनों फ्लोरा-अपलोरा मैक्स कंपनी के डायरेक्टर्स और टॉप 10 लीडर्स द्वारा विभिन्न महिला समूह को स्व-रोजगार का विश्वास दिलाकर मनी सर्कुलेशन स्कीम जैसी योजना चला कर बड़ी संख्या में निवेशकों के साथ की गई धोखाधड़ी के संबंध में थाना कोतवाली कोरबा में अपराध पंजीबद्ध कर दोनों डायरेक्टर कैशियर एवं अन्य 10 कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विवेचना की जारी है। आम जनमानस किस प्रकार पिरामिड आकार की मनी सर्कुलेशन स्कीम से बचे इस संबंध में 27 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में सभी संबंधित काउंटर पार्ट की बैठक पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के द्वारा ली गई। बैठक में लीड जिला मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के नरोत्तम सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विभिन्न माइक्रो फाइनेंस बैंकों के रेग्युलेटरी अथॉरिटी स्ब्रब्रद्ध के सहायक उपाध्यक्ष शेख निषाद, थाना प्रभारी कोतवाली मोती पटेल तथा विभिन्न माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के 28 सदस्य सम्मिलित हुए।

इंडस दीपका में क्रिसमस कार्निवल का हुआ रंगारंग कार्यक्रम

कोरबा। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का रंगारंग आयोजन किया गया ।* कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास दुबे (जी एम,कलिंगा) ने शिरकत की साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों सहित आसपास के नागरिकों ने भी शिरकत की । कार्यक्रम में खास आकर्षक इंडस के नन्हे सितारों का फैशन शो रहा । इस फैशन शो में पेरेंट्स ने भी अपना खासा प्रभाव डाला।इस शो का सभी ने भरपूर आनंद लिया। साथ ही उपस्थित अभिभावकों ने भी मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने अलग अलग राज्य के लोकनृत्यों पर आधारित आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी ।प्रस्तुतियों की देखकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकगण झूमने लगे और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सभीका उत्साहवर्धन किया। प्रायमरी स्तर के विद्यार्थियों ने जिंगल बेल की धुन पर थिरकर सबको झूमने पर विवश कर दिया । लाल-लाल परिधान में नन्हे-मुन्हें बच्चे बड़े ही मनमोहक प्रतीत हो रहे थे । विद्यालय में आयोजित क्रिसमस कार्निवल में कई खास बातें सबका ध्यान सहसा अपनी ओर आकर्षित कर लेती थी । ज्वाय राइड्स में भी बच्चों एवं अभिभावकों ने अपनी भागीदारी निभाई । सभी बच्चों ने अपनी-अपनी सायकलों को सुंदर फूलों एवं गुब्बारों से सजाया था साथ ही अभिभावकों ने अपनी कारों व बाइक्स को सजाया था । उपस्थित दर्शकों ने ज्वाय राइड्स का आनंद लिया । उपस्थित अभिभावकों के लिए भी म्यूजिकल चेयर गेम्स का आयोजन किया गया । सभी कार्यक्रम का अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया । इस कार्यक्रम की खास बात यह भी थी कि आगंतुक दर्शकों के लिए इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न स्टालों में लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी । साथ ही कार्यक्रम के मध्य में पेरेंट्स के मनोरंजन हेतु विभिन्न गुदगुदाने वाली पहेलियां भी पूछी गई ।सही जवाब देने वाले पेरेंट्स को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था विद्यार्थियों ने ही संभाली थी । साथ ही बाहर से भी विभिन्न

प्रसिद्ध व्यापारियों ने अपने लजीज व्यंजनों के स्टाल लगाए थे। अभिभावकों ने कार्यक्रम के साथ ही साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया । कार्यक्रम में आनंद की सीमा तब और नहीं रही जब अचानक सांता ने आकर सबको उपहार बांटे । जिंगल बेल की धुन पर सभी बच्चे सांता के पीछे-पीछे मस्ती करने लगे । *इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में आयोजित क्रिसमस कार्निवल का विभिन्न* स्लेटफार्म पर सीमित समय में ही प्रचार-प्रसार किया गया जिसका अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला ।

इस कार्यक्रम में आगामी शिक्षण सत्र हेतु एडमिशन काउंटर भी बनाए गए थे जिसमें अभिभावकों ने बड़ी संख्या में अपने बच्चों का विद्यालय में पंजीयन कराया । यहाँ बताना लाजिमी होगा कि सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु विद्यालय में विभिन्न आकर्षक योजनाएं अभी सीमित दिनों तक खुली रहेंगी जिसमें प्रथम 30 प्रवेश पर 100 प्रतिशत प्रवेश शुल्क में छूट है (केवल नर्सरी से कक्षा दूसरी तक)। 50 प्रतिशत छूट प्रवेश शुल्क में कक्षा 6वीं ए 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगा । साथ ही यदि कोई सिबलिंग्स है तों तो सभी कक्षाओं हेतु 100 प्रतिशत प्रवेश शुल्क में रियायत होगी । यह ऑफर सीमित समय के लिए है।अत्यधिक जानकारी के लिए विद्यालय के संपर्क सूत्र 8770157664 पर संपर्क कर सकते हैं ।कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित शैक्षणिक समन्वयक श्री सव्यसाची सरकार एवं श्रीमती सोमा सरकार का विशेष योगदान रहा ।

विकास दुबे (जी एम, कलिंगा) ने कहा कि* इस प्रकार का आयोजन से विद्यार्थियों में सामाजिकता, आत्मविश्वास, सहभागिता व सामंजस्य का विकास होता है । विद्यालय में विभिन्न आयोजनों से विद्यार्थियों का मानसिक तनाव भी खत्म होता है और वे पुन: एक नई ऊर्जा व उत्साह के साथ अध्ययन हेतु उपस्थित होते हैं । विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि* हमारा राष्ट्र एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है और हमारा संविधान हमें सभी धर्मों को आदर देना सिखाता है । विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और यहाँ विभिन्न धर्म व संप्रदाय के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । विभिन्न अवसरों पर समयानुरूप अलग-अलग क्रियाकलापों के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिकता का विकास करना ही हमारा उद्देश्य है । विद्यार्थियों का संपूर्ण मानसिक व शारीरिक विकास कर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है । हमारा एक मात्रा उद्देश्य हमेशा से ही विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारकर प्रगति के पथ पर आगे ले जाना है हर हम इस दिशा में प्रयास करते रहेंगे।

सांसद निधि से हो रहे सीसी रोड निर्माण में भारी अनियमितता

कण्डरा ग्राम पंचायत में गुणवत्ता को किया गया दरकिनार, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

जांजगीर-चांपा। जनपद पंचायत बलौदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कण्डरा में सांसद निधि से हो रहे सीसी रोड निर्माण में भारी अनियमितता सामने आई है। निर्माण कार्य में मानकों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामवासियों ने बताया कि सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है और मिश्रण में मिट्टी युक्त रेत का उपयोग हो रहा है। इसके अलावा, सड़क निर्माण में वायब्रेशन मशीन का उपयोग नहीं किया गया, जिससे मसाले का उचित तरीके से जमाव नहीं हो पा रहा है। सड़क बनाने से पहले गड्ढों को भरा नहीं गया और न ही रोलर चलाया गया, जिससे सड़क कमजोर हो रही है। तराई की उचित व्यवस्था नहीं होने से भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।ग्राम पंचायत कण्डरा के सरपंच मदन मोहन कश्यप ने बताया कि सांसद निधि से प्राप्त 10 लाख रुपए की लागत से 240 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क चुआनार महादेव से

मेन रोड तक बनाई जानी है। अभी तक 175 मीटर सड़क का निर्माण हो चुका है। सरपंच ने दावा किया कि सड़क की मोटाई आठ इंच रखी गई है, लेकिन मौके पर मापदंडों का पालन नहीं किया गया है। सड़क की मोटाई बेहद कम है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत चुनाव पूर्व सरपंच स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द निपटाना चाहता है चाहे निर्माण कार्य जैसा भी हो। सरपंच और सचिव की मिलीभगत से यह अनियमितताएं हो रही हैं। सांसद निधि से प्राप्त राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे शासन की योजनाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं।

पंचायत भवन जर्जर सामुदायिक भवन में होती है बैठक

ग्राम पंचायत का मूल भवन जर्जर हो चुका है और मरम्मत की अनदेखी के कारण इसका उपयोग संभव नहीं है। ऐसे में सरपंच द्वारा अपने घर के समीप स्थित सामुदायिक भवन को कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में पंचायत भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे ग्रामवासियों में असंतोष व्याप्त है। पंचायत भवन की अनदेखी ग्रामीण विकास और प्रशासन में लापरवाही को दर्शाती है।

नवागढ़ में सांसद व चंदेल ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

जांजगीर। क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े व छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल नवागढ़ में मितानिन संघ के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक चंदेल के विधायक विकास निधि से मितानिन संघ के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि दी गई थी। कार्यक्रम को संबोधित किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि क्षेत्र में विकास की एक नई गाथा लिखी, हर गांव में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने का हर संभव प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के सभी गांव के लोगों, ग्रामीणजनों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन बनाने का प्रयास किया है, ताकि गरीब, किसान व आम आदमी अपने दुख-सुख के कार्य को इन सामुदायिक भवनों में सुविधाजनक ढंग से कर सकें।सामाजिक कार्यों के लिए भी यह भवन सदैव उपलब्ध रहता हैं। छग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव, गरीब व किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम की महिलाओं युवोदय की टीम को कराया गया एक्सपोजर विजिट

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत एनआरएलएम की महिलाओं, युवोदय की टीम तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक्सपोजर विजिट कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि विजिट के दौरान उन्हें कार्यालय सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर, नवा बिहान, पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, महिला डेस्क तथा सायबर सेल आदि का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान उक्त समस्त लाभार्थियों को प्रत्येक कार्यालय की कार्यप्रणाली तथा उनके द्वारा पीड़ितों को दी जाने वाली प्रत्येक सुविधा सहायता की जानकारी प्राप्त हुई। विजिट के दौरान कार्यालय सखी वन स्टॉप सेंटर में लाभार्थियों को सखी के कार्य एवं उद्देश्य, हिंसा के प्रकार तथा महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रानिक शिकायत पोर्टल (शी बॉक्स) तथा आपातकालीन सेवाओं महिला हेल्पलाईन 181, 112 के संबंध में विस्तारपूर्वक कानूनी एवं विभागीय जानकारी दी एवं पॉम्पलेट वितरण किया गया। हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए की जाने वाली प्रत्येक कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई। संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत ऐसी पीड़ित महिलाओं को धारा 125 के अंतर्गत दी जाने

वाली भरण-पोषण का अधिकार तथा धारा 19 के अंतर्गत निवास संरक्षण का अधिकार आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभारी श्री मोहन राठौर के द्वारा पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र के कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला डेस्क के संबंध में जानकारी दी गई कि महिलाएं अपनी समस्याओं को निसंकोच पुलिस को बता सकें इस उद्देश्य से महिला अधिकारियों द्वारा कार्य किया जाता है। इसी तरह सायबर सेल के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 के संबंध में जानकारी दी गई। विजिट के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर केन्द्र प्रशासक सुश्री एच. निशा खान, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पोस्ट ऑफिस उन्नयन की मांग को लेकर पूर्व विधायक ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

अकलतरा। पूर्व विधायक सौरभ सिंह के द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर अकलतरा एवं बलौदा के पोस्ट ऑफिस के उन्नयन की मांग की गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अकलतरा नगर पालिका क्षेत्र में जो पोस्ट ऑफिस संचालित है वह स्वयं के भवन में है, परंतु भवन के देख के रखरखाव के लिए अतिरिक्त राशि और वहां पर नवीन ए.टी.एम. काउंटर बनाने की आवश्यकता है। बलौदा नगर पंचायत का जो पोस्ट ऑफिस है वह किराए के भवन में संचालित है, शासकीय जमीन को राज्य सरकार से आबंटीत कर आपके तरफ से अगर पत्र राज्य सरकार को प्रेषित किया जाए तो नया पोस्ट ऑफिस भवन का निर्माण करने की आवश्यकता है। इसको भी स्थानीय सी.एस.आर. या जिला खनीज न्यास मद से किया जा सकता है। सौरभ सिंह ने बताया कि अकलतरा एवं बलौदा के पोस्ट ऑफिस के उन्नयन से क्षेत्र वासियों को मिलने वाली सुविधा में वृद्धि होगी।

क्लिज से छात्रों में बढ़ती है जिज्ञासा: दीवान

जांजगीर चांपा। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला परियोजना के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय क्लिज प्रतियोगिता को आयोजन गुरुवार को बीआरसी भवन में किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्रा ओमी प्रथम एवं बारहवीं के छात्र कृष्ण गोपाल द्वितीय क्लिज प्रतियोगिता में ब्लॉक के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 23 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों से विज्ञान एवं गणित विषय से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। क्लिज प्रतियोगिता का आयोजन बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार एवं प्राचार्य बजरंग श्रीवास के आतिथ्य में हुआ। अतिथियो ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर क्लिज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीईओ एम डी दीवान ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति विकसित करना है। इस तरह के आयोजन से छात्रों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रूचि पैदा होगी। क्लिज प्रतियोगिता से छात्रों में जिज्ञासा और रचनात्मकता बढ़ती है। उनमें अपेक्षित कौशल का विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बाहर के जीवन से स्कूल आधारित ज्ञान को जोड़ना है। ऐसे क्लिज प्रतियोगिता से छात्रों में विज्ञान और गणित के प्रति आनंदमय और सार्थक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने सभी आत्मविश्वास से लबरेज होकर प्रतियोगिता के प्रश्न का जवाब देने को कहा। शिव पटेल गोविंद सूर्यवंशी, लक्ष्मीनारायण सोनी एवं शरद चतुर्वेदी ने क्लिज

प्रतियोगिता के बारे में छात्रों को समझाया और उनसे विज्ञान और गणित के सवाल पूछे। इसके बाद इसका परिणाम जारी किया गया। क्लिज प्रतियोगिता में सेजेस बम्हनीडीह के कक्षा दसवीं की छात्रा ओमी सोनी ने प्रथम एवं दूसरा स्थान सेजेस हिंदी माध्यम चांपा के बारहवीं के छात्र कृष्ण गोपाल यादव ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चोरिया के छात्र रंजीत कुमार गढ़वाल ने प्राप्त किया। तीनो विजेताओं को बीईओ एम डी दीवान ने मोमेंटो देकर उन्हें पुरष्कृत किया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के शिक्षक उपस्थित थे।

देवरी में दो की जलसमाधि, एक का शव मिला

जांजगीर-चांपा। देवरी में पिकनीक मनाने गए दो युवक हसदेव नदी में डूब गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एक युवक की लाश निकाली गई। वहीं एस डी आर एफ की टीम दूसरे युवक की तलाश में जुटी है। अक्टूबर माह में भी इसी स्थान पर दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। बलौदा क्षेत्र का पिकनीक स्पॉट देवरी डेंजर स्पॉट बन गया है। यहां चट्टानों के बीच से हसदेव नदी गुजरती है। इस जगह पर पिकनीक मनाने दूर दूर से लोग आते हैं। इस दौरान नदी में नहाने के दौरान लोग हादसे का शिकार भी हो रहे हैं। शुक्रवार को भी यहां दो युवक हादसे का शिकार हो गए। कोरबा जिले के दीपका से 24 वर्षीय अश्वनी सिंह और 19 वर्षीय सुमित सिंह अपने अन्य दोस्तों के साथ पिकनीक मनाने देवरी पहुंचे थे। इस दौरान दोपहर करीब 3 बजे दोनों अपने अन्य दोस्तों के साथ नहाने के लिए नदी में उतर गए। नदी में नहाते हुए अश्वनी और सुमित गहराई में चले गए और पानी में डूब गए। घटना की सूचना बलौदा पुलिस को दी गई। बलौदा थाना प्रभारी अशोक वैष्णव कुछ ही देर में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। एस डी आर एफ को सूचना दी गई और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवकों की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद अश्वनी सिंह की लाश नदी से निकाल ली गई। शाम को एसडी आरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की मदद से पुलिस सुमित की तलाश में जुटी है। खबर लिखे जाने तक सुमित का पता नहीं चल सका है।

देवरी चिचोली बना डेंजर स्पॉट

देवरी चिचोली पिकनीक स्पॉट डेंजर जोन बन गया है। इस स्थान पर आए दिन हादसे होते ही रहते हैं। हादसों में लोगों की जान जा रही है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नदी में नहाने के दौरान सावधानी बरतने का अलर्ट भी जारी किया है। इसके बावजूद लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। अक्टूबर माह में ही यहां नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हुई थी। देवरी में चट्टानों के बीच से नदी बहती है। कई जगह पर चट्टानों के पास गहराई ज्यादा है। लोगों को इसका अंदाजा नहीं हो पाता और ऐसे ही स्थानों पर हादसे का शिकार हो जाते हैं। ज्यादातर शहरी क्षेत्र के लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। शहरों में रहने वालों को तैराकी नहीं आती। पिकनिक का आनंद लेने के लिए लोग नदी में उतर जाते हैं। नहाते नहाते वे गहराई में चले जाते हैं और तैरना नहीं आने के कारण डूब जाते हैं।

रासेयो कार्यकर्ताओं ने मां बनसरा देवी परिसर की साफ-सफाई की,मंच निर्माण में श्रमदान किया

जांजगीर चांपा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के राष्ट्रीय सेवा इकाई के द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर ग्राम हिटोरी के प्राथमिक शाला भवन मे जिला संगठक वायक तिवारी के निर्देशानुसार तथा संस्था प्रमुख प्राचार्य बीएल चौधरी के संरक्षण मे 21दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक लगाया गया है। जिसके पंचम दिवस के परियोजना कार्य के तहत पहाड़गाव के दुर्गम पहाड़ पर विराजित मा बनसरा देवी परिसर की साफ-सफाई तथा मंच निर्माण पर सभी स्वयंसेवको श्रमदान करते हुए पार्किंग निर्माण कार्य मे सहयोग प्रदान किये।

मंदिर के संचालक उपेंद्र राठौर ने मां के गर्भ गृह की पौराणिक महत्व की जानकारी देते हुए माता के महिमा का वर्णन किये।साथ ही साथ माता बनसरा देवी के गर्भ गृह की सभी शिवरार्थी स्वयंसेवको दर्शन किये।तत्पश्चात विचार गोष्ठी का के साथ रात्रि भोजन विश्राम के समय रात्रि 9 बजे रासेयो जिला संगठक डॉ. वायके तिवारी के शिविर का निरीक्षण करते हुए शिविर संदेश प्रदान किया। साथ मे शाउमा विद्यालय गोली के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र साहू ने भी शिविर के मार्गदर्शन स्वयंसेवको को दिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी डीसी बंजारे एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी आरके राठौर तथा स्वयंसेवक कामेश बरेठ,अंकित साहू, विकास गबेल,धनीदास,मुकेश, रघुबीर सिंह कंवर,मनीष बरेठ, एवं समस्त स्वयंसेवको सहित भृत्य रघुनाथ बरेठ,अरविंद यादव,पुनीतराम हिटोरी पंचायत के पंचगण और ग्रामीण जनो का सक्रिय सहयोग रहा।

राजस्व न्यायालयों में 5 हजार के करीब आवेदन पैंडिंग

जांजगीर-चांपा । जिले सहित पूरे श में पटवारी अपनी मांगों को कर 16 दिसम्बर से ऑनलाइन काम को बंद कर प्रदर्शन कर रहे हैं। दिनों से ऑनलाइन वर्क बंद होने राजस्व संबंधी जितने भी काम हैं नामांतरण, बंटवारा, डिजिटल न, ऋण प्रतिवेदन, पुस्तिका में जैसे काम बंद हैं। इसके चलते कार्यालयों में पेंडिंग फाइलों अंबार लगता जा रहा है। सरकारी सएप ग्रुप से भी पटवारी लेफ्ट हो गए हैं।इधर पटवारी संघ का कहना है कि ऑनलाइन काम का हड़ताल करते 10 दिन से ज्यादा हो गए लेकिन शासन ध्यान नहीं दे रही। ऐसे में आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज कर दिया गया। राजस्व संबंधित कार्य लेकर तहसील और हल्का पटवारी के पास पहुंचने वाले लोगों को परेशान

होना पड़ रहा है। राजस्व विभाग के पटवारी पिछले 6 महीने से पटवारी कार्यालय में कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर समेत अन्य तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन शासन उनके मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में अब पटवारी कार्य पर तो आ रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन संबंधित कार्य नहीं कर रहे हैं। विरोध में सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और प्रशिक्षण का बहिष्कार कर विरोध जता रहे हैं। दरअसल, वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्यों को भुईंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है, इसके अलावा अधिकतर कार्य जैसे कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप अथवा कंप्यूटर के माध्यम से करना होता है। ऐसे में किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पटवारियों की हड़ताल की प्रमुख वजह यही है कि शासन के द्वारा सभी कार्यों को डिजीटल फार्मेट में कराया जा रहा है। जिस कार्यों के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप, इंटरनेट समेत तकनीकी उपकरण के बिना संभव नहीं है। लेकिन तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं और काम लिया जा रहा है। इससे ऑनलाइन कार्यों का क्रियान्वयन कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

छग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर

निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञ.:-172

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में अटल विहार फेजएनपारा कुसमुंडा जिला कोरबा में 03 नग एच.आई.जी. दुपलेक्स शेष निर्माण कार्य हेतु (प्रथम) ऑनलाईन एवं संभाग बिलासपुर अन्तर्गत अभियाना परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित 2, 3 एवं 4 बी.एच.के. इकाइयों अर्थात के वाटर टैंक, सीटर सफाई सहित, रेन वाटर एवं मेन्होल चेम्बर कवर के सामान कार्य हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा इलेक्ट्रानिक पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।। निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cgbl.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता संभाग कोरबा के मो.नं. 9424209051 एवं कार्यपालन अभियंता, संभाग बिलासपुर के मो.नं. 8965051588 पर संपर्क करें।

S-42586/3 **उपायुक्त**

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर ढाबा संचालक की पिटाई

जांजगीर-चांपा। बम्हनीडीह में ढाबा का शटर खुलवाकर 5 युवकों ने ढाबा संचालक से शराब के लिए पैसे की मांग की। पैसा नहीं मिलने पर पांचो ने मिलकर ढाबा संचालक की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुभम दीवान, प्रीतम महंत, कौशल श्रीवास, दिनेश डडसेना उर्फ किरी और अशोक निषाद उर्फ छोटू 26 दिसंबर की रात अश्वनी जायसवाल व सत्येन्द्र चैहान के ढाबा के पास पहुंचे। ढाबा का शटर खोलवाकर सभी अंदर घुसे और खाना मांगते हुए गाली गलौच करने लगे।

शराब पीने के लिए पैसे भी मांगने लगे। पैसे नहीं मिलने पर अश्वनी जायसवाल और सत्येन्द्र चैहान के साथ मारपीट कर सभी वहां से भाग निकले। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना बम्हनीडीह में धारा 119(1), 296, 351 (3), 115 (2), 191(2) 191(3) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने एक एक कर सभी आरोपियों को चंद घंटे के अंदर ही पकड़ लिया। आरोपीयो को गिरफ्तार कर 27 दिसंबर को कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

***जांजगीर।** तीन महीने बाद भी अपा आईडी का काम पूरा नहीं हो पाया है। अब तक मात्र 45.9 प्रतिशत छात्रों के अपार आईडी बन पाए हैं।

ससुराल वालों ने पीट-पीटकर दामाद का फोड़ा सिर

रायगढ़। रायगढ़ जिले में साला ने अपने जीजा को जमकर पीटा है। इसमें ससुराल पक्ष के तीन लोगों ने भी लात, घूसों और डंडा पीटकर सिर फोड़ दिया है। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक ओडिशा के ग्राम तेलीपाली का रहने वाला रथुदास महंत (38) की शादी तकरीबन 12 साल पहले हुई थी। वह अपने ससुराल जूटमिल थाना क्षेत्र के ग्राम कुंजेडबरी आया था। कुशला दास महंत उसकी पत्नी है।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-2025
ग्राम : बरपाली, प.ह.नं.-6
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामावतार पिता निकराम यादव जाति यादव (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम ब्लूलगरा ग्राम कार्यालाय तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरपाली प.ह.नं.-6 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 110/12 रकबा 0.028 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार उल्लिखित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत अगामी सुनवाई तिथि 09.01.2025 तक स्वयं या अपने वैध अधिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) **सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821

No. 15-06/S&P/P/W/TN-187/24/3736 Marwa, dtd. 27.12.24

NOTICE INVITING E-TENDER - NO TN-187/2024

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for Supply/works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

S. No	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/Time of submission of bid.	Tender Fee (Rs.)	EMD (Rs.)
01.	15-06/S&P/ EE-IV/P/ T-280/24	8100040787	Supply of Journal Head Liner Assembly of Coal Mill XRP 1003 at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	20.01.2025 15:30 Hrs	Rs. 590/- (500 + GST @18%)	Rs. 14,300/-
02.	15-06/S&P/ EE-III/W/ T-281/24	8100040896	Work Contract for online/offline calibration of 0.2S Acc Class, 1A/5A, 110/√3 V ABT Energy Meter for 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	20.01.2025 15:30 Hrs	Rs. 590/- (500 + GST @18%)	Rs. 7,650/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Procurement)
(To The Addl. Chief Engineer (S&P), ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa)

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S-42594/3

न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती शांति अग्रवाल पति स्व. बसंत कुमार अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, सतीश कुमार अग्रवाल, श्रीमती आभा जायसवाल पिता स्व. बसंत कुमार अग्रवाल सभी निवासी पुराना बस स्टेण्ड कोरबा द्वारा ग्राम कनबेरी प.ह.नं. 60 तहसील दीपका में स्थित बसंत कुमार अग्रवाल पिता स्व. घनुमनदास अग्रवाल के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 358/1, 407/1, 432/2 रकबा क्रमशः 3.36, 4.04, 1.00 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 8.40 एकड़ भूमि के खातेदार बसंत कुमार अग्रवाल पिता घनुमनदास अग्रवाल की मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10.01.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

(सील) **तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

पीआईसी की बैठक सीएमओ की अनुपस्थिति में रद्द की अध्यक्ष ने

जांजगीर-चांपा। नगरपालिका में लंबे समय से सामान्य सभा व पीआईसी की बैठक नहीं होने से करोड़ों रुपए के काम अटक गए हैं। इधर लंबे समय के बाद पीआईसी की बैठक गुरुवार को रखी गई थी। लेकिन उसी दौरान कलेक्टोरेट में भी एक बैठक हो रही थी। ऐसे में पीआईसी की बैठक से सीएमओ नहीं पहुंचे। इस पर नगरपालिका अध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी। इसके चलते 3 करोड़ से अधिक के काम पर निर्णय नहीं हो सका नगर पालिका जांजगीर नैला अंतर्गत लगभग सभी वार्डों में सीसी रोड सहित अन्य विकास कार्य होने हैं। इसके लिए लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है और टेंडर हो चुका है, लेकिन पीआईसी व सामान्य सभा की बैठक में इस पर निर्णय लेकर आगे का विचार करना था। जिसके बाद वर्क आर्डर भी जारी होने लगते, लेकिन बैठक नहीं होने से सभी कार्य अटक गए हैं। इधर पीआईसी की बैठक में सीएमओ के नहीं पहुंचे पाने पर अधिकारी का कहना रहा कि 26 दिसंबर को पीआईसी की बैठक आयोजित की गई थी। उसी समय कलेक्टोरेट में मुख्यमंत्री के आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को भी बैठक चल रही थी जिसमें वे शामिल होने गए थे। इसलिए पीआईसी की बैठक में इंजीनियर नारायण कुमार आदित्य को लिखित में मुनपा के कार्यों का संपादन करने के लिए दायित्व सौंपा गया था। नारायण आदित्य पीआईसी बैठक में शामिल भी थे, इसके बाद भी सीएमओ की अनुपस्थिति बताकर बैठक को स्थगित कर दिया गया। इधर इस संबंध में नपा अध्यक्ष का कहना रहा कि पीआईसी की महत्वपूर्ण बैठक होने के बावजूद सीएमओ गायब रहे, कई महत्वपूर्ण विषयों पर उनकी मौजूदगी जरूरी थी जिस पर निर्णय लेन पाना संभव नहीं हो पाता। इसलिए बैठक स्थगित करनी पड़ी। बैठक स्थगित को लेकर अब आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

नगर के वार्ड कमांक 8 में सीसी रोड निर्माण 2.96 लाख रुपए, वार्ड 9 में आरसीसी नाली सहित सीसी रोड 18.60 लाख रुपए, वार्ड 14 आरसीसी नाली निर्माण कार्य 11.96 लाख रुपए, वार्ड 21 सीसी रोड निर्माण 11.67 लाख रुपए, वार्ड 22 में 9.29 लाख रुपए, नहरिया बाबा मंदिर रोड में करोड़ों रुपए का नाली निर्माण सहित अन्य कार्य शामिल हैं। इन कार्यों पर पीआईसी की बैठक में निर्णय होना था जो नहीं हो पाए।

नगरपालिका में थमने का नाम नहीं ले रहा विवादों का सिलसिला

नगरीय निकाय चुनाव के करीब आते ही नगरपालिका जांजगीर नैला में पक्ष-विपक्ष के बीच खिंचतान बढ़ने लगी है। पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी पर कांग्रेस के भगवानदास गढ़वाल काबिज हैं और भाजपा यहां विपक्ष की भूमिका में है। कुछ दिन पहले डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण को लेकर जमकर विवाद हुआ था। पालिका अध्यक्ष ने कांग्रेस के विधायकों के साथ मिलकर अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण कर दिया था। वार्ड नंबर 2 में सीसी रोड के भूमिपूजन को लेकर विवाद पैदा हो गया था।

अनमोल वचन.....

हर एक नया दिन आपके जीवन का एक दूसरा अवसर है ।

ट्रंप से भारतीय उद्योग जगत को विशाल अवसर

जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है- डॉनल्ड ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने से व्यापार की उभर रही सूरत भारतीय उद्योग जगत के लिए एक विशाल अवसर है, क्योंकि वे मेक्सिको, कनाडा, चीन और अन्य देशों पर नए शुल्क लगाने जा रहे हैं।' कहानी पुरानी है। दुनिया में जब कोई बड़ा बदलाव आता है, तो भारत के राजनेता, थिंक टैंक, विशेषज्ञ और मीडिया धारणा बनाते हैं कि उससे भारत के लिए बड़ा अवसर पेश आएगा। मगर लगभग हर बार मौका निकल जाता है! तब किसी ऐसे नए अवसर' से उम्मीद जोड़ी जाती है! डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल में चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा, तब कहा गया था कि उससे भारत के लिए बड़ा मौका पेश आएगा। निम्न-स्तरीय उत्पादन शृंखला में चीन का जो स्थान है, वह धीरे-धीरे खिसक कर भारत आ जाएगा। लेकिन अब विशेषज्ञ और थिंक टैंक ही नहीं, बल्कि भारत सरकार की संस्थाएं भी मानती हैं कि वो अवसर भारत ने गंवा दिया। अब ट्रंप फिर राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं, तो पुरानी बातें भूल कर फिर माहौल बनाया जा रहा है कि उनके दूसरे कार्यकाल की नीतियां भारत के लिए बहुत बड़ा अवसर साबित होंगी। नई दिल्ली स्थित आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा है- डॉनल्ड ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने से व्यापार की उभर रही सूरत भारतीय उद्योग जगत के लिए एक विशाल अवसर है, क्योंकि वे मेक्सिको, कनाडा, चीन और अन्य देशों पर नए शुल्क लगाने जा रहे हैं।' जीटीआरआई शायद इस संभावना को भूल गई कि उन अन्य देशों में भारत भी एक हो सकता है। ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के दौरान जिन पक्षों को अनुचित व्यापार व्यवहार में लगा बताया था, उनमें यूरोपियन यूनियन और भारत भी हैं।

बहरहाल, ये आशंका टल भी गई, तो भी यह सवाल तो बना रहेगा, जैसाकि खुद जीटीआरआई ने भी स्वीकार किया है कि ट्रंप-1 से बने अवसर भारत के हाथ से निकल गए। संस्था ने कहा है कि उस अवसर का सबसे ज्यादा लाभ मेक्सिको, कनाडा, एवं आसियान देशों ने उठाया। इसकी वजह स्थानीय सप्लाई चेन और महत्त्वपूर्ण माध्यमिक इनपुट्स के उत्पादन में भारत की कमजोरी रही। संस्था की सलाह है कि भारत को ये कमजोरियां दूर करनी चाहिए। मगर यही तो असल बात है। ये आखिर कैसे और कब होगा।

राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज किसी अनुभवी के मार्गदर्शन से प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री संबंधी रुका काम पूरा हो जाएगा। कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर बातचीत भी होगी जो कि सकारात्मक रहेगा ।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से अपने काम के प्रति गंभीर रहेंगे । आज व्यावसायिक दिनचर्या रहेगी लेकिन आप अपने कार्यों को सहज ही पूरा कर लेंगे । आज कार्यक्षेत्र में बदलाव संबंधी कुछ योजनाएं बनेंगी और योजनाबद्ध तरीके से काम करना आपको मन मुताबिक सफलता देगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नये मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्साह का माहौल रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से विरुद्ध चले काम में आपको सफलता मिलेगी। आज विशेष निर्णय लेते समय बेहतर होगा कि किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें ।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। कोचिंग का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगा। आज रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है ।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनायें बनेंगी। आज आपका काम करने का जुनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा। आज किसी भी ऑफिशियल वाद्या को करने के लिए समय अनुकूल है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए सुखद रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने की बजाय बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज जल्दबाजी और भावुकता में निर्णय न लें ।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। वाहन अथवा किसी भारी उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्च सामने आएगा । आज दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने से नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को कॉचिंग संबंधित खुशखबरी मिलने वाली है ।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज कारोबार में नई तकनीक का इस्तेमाल करने संबंधी कार्य प्रणाली पर विचार-विमर्श होगा। योजना को गति देने में आपकी मेहनत रंग लाएगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जीवन जानकारी इकट्ठित करेंगे, फिर उस पर काम करेंगे । इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे । आप को नए रुझेत बनेंगे । बुजुर्गों प्यार व आशीर्वाद घर में खुशियों का माहौल बनाकर रखेगा। किसी रुके हुए काम को पूरा करने में सफलता मिल सकती हैं।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। रुकावटमक सौच जीवनयापन में आपकी मदद करेगी। आज घर तथा बाहर दोनों जगह किसी बड़े फैसले को लेने में आपका विशेष योगदान रहेगा । अगर कहीं पैसा फंसा हुआ है, तो उसकी वसूली के लिए प्रयास करेंगे, सफलता मिल सकती है ।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से सहज की सांस लेंगे। छोटों की गलतियों को माफ करते चलेंगे और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन पर अमल करेंगे। किसी भी योजना की पहले ज्रिक्त रूपरेखा बनाए. बाद में उस पर काम करेंगे ।

विचार विमर्श की प्रक्रिया विपक्ष की वजह से लंबी खींची रही

//एस. सुनील//

संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

देश के नागरिकों ने क्या विपक्ष का चुनाव उसी काम के लिए किया है, जो विपक्षी पार्टियों ने संसद के शीतकालीन सत्र में किया है। यह यक्ष प्रश्न है और इसका जवाब निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के देना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र की यह सुंदरता है कि इसमें मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने तीन चुनाव में पहली बार कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल के तौर पर चुना है। इससे पहले दो चुनावों में देश के मतदाताओं ने कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी बनने लायक जनादेश भी नहीं दिया था। परंतु इस बार उसे मुख्य विपक्षी पार्टी का जनादेश मिला तो क्या वह इसलिए मिला कि श्री राहुल गांधी आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष बनें और अपने 99 सांसदों के दम पर संसद को ठप्प कर दें या संसद के सत्र में अनावश्यक मुद्दे उठाएं और कामकाज बाधित करें या संसदीय परंपराओं को खंडित करें और एक सांसद ने नाते मर्यादा की गिरावट की नई मिसाल बनाएं।

मतदाताओं ने सरकार का बहुमत कम किया और विपक्ष की शक्ति बढ़ाई तो उसका उद्देश्य सरकार को पहले से ज्यादा जवाबदेह बनाने के साथ साथ विपक्ष को भी रचनात्मक भूमिका देने का था। परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष ने जनादेश की गलत व्याख्या कर ली। उसको लग रहा है कि जनता ने उसे सरकार को कामकाज नहीं करने देने के लिए पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाया है।

संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्षी पार्टियों ने इसी धारणा के साथ काम किया। पहले दिन से विपक्षी सांसदों ने अनावश्यक मुद्दे उठाए और कामकाज नहीं चलने दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सत्र के पहले दिन, 25 नवंबर को विपक्षी पार्टियों से आह्वान किया था कि संसद के सुचारू संचालन में सहयोग करें। संसदीय कार्यमंत्री श्री किरेन रिजीजू ने कहा था कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। परंतु पहले दिन से ऐसा लगा कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने संकल्प किया हुआ है कि कार्यवाही नहीं चलने देनी है। उसने पहले दिन से अडानी समूह का मुद्दा उठाया। यह सही है कि अमेरिका की एक अदालत में अडानी समूह से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। परंतु क्या कांग्रेस पार्टी खासतौर से श्री मल्लिकार्जुन खड़गे और श्री राहुल गांधी कभी यह सोचते हैं कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले इस तरह के मुद्दे कहां से और क्यों आ जाते हैं।

पूरे वर्ष में संसद के सिर्फ तीन सत्र होते हैं। अधिकतम चार महीने संसद की कार्यवाही चलती है। परंतु हर बार उससे पहले कोई न कोई विदेशी मीडिया या रिसर्च संस्थान या कोई गैर सरकारी संगठन भारत को लेकर कथित खुलासा कर देता है और उसके बाद विपक्षी पार्टियां उसके आधार पर हंगामा करके संसद नहीं चलने देती हैं। विपक्ष को निश्चित रूप से यह सोचना चाहिए कि हर बार सत्र से पहले क्यों हिंडनबर्ग या पेगासस या ओसीसीआरपी या मीडियापार्ट की खबरें आती हैं। और उसके आधार पर संसद नहीं चलने या पक्ष और विपक्ष में टकराव बढने से किसका फायदा होता है और किसको नुकसान होता है। संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह पहली बार हुआ कि विपक्ष ने लगातार दो सत्रों में सभापति के खिलाफ इस तरह से अविश्वास प्रस्ताव का प्रयास किया। हालांकि सत्र के अंतिम दिन उप सभापति श्री हरिवंश ने विपक्ष को नोटिस को नामंजूर कर दिया। लेकिन विपक्ष ने दिखा दिया कि वह टकराव बढ़ाने के लिए किस हद तक जाने को तैयार है। रचनात्मक भूमिका निभाने और संसदीय कार्यवाही में सकारात्मक योगदान देने की बजाय विपक्ष की यह नकारात्मकता उसको खुद को तो नुकसान पहुंचा ही रही है अंततः देश को भी नुकसान पहुंचा रही है।

विपक्ष ने संसद को एक तरह से राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए लड़ाई का मैदान बना दिया है। इसे शीतकालीन सत्र के अंतिम तीन दिन की कार्यवाही से समझा जा सकता है। राज्यसभा में संविधान पर दो दिन की चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार, 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अतिम शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति उमड़े विपक्ष के नए नए प्रेम पर तंज किया और कहा कि, अभी एक नया फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकरज् इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता'। इसमें डॉक्टर अंबेडकर के लिए कुछ भी अपमानजनक नहीं है।

यह विपक्ष पर व्यंग्य था क्योंकि कांग्रेस और उसकी ज्यादातर सहयोगी पार्टियों ने कभी भी बाबा साहेब अंबेडकर को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। कांग्रेस ने उनको भारत रत्न नहीं मिलने दिया। उन्हें भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस दूसरी बार केंद्र की सत्ता से बाहर हुई और भाजपा के समर्थन वाली सरकार बनी। कांग्रेस को जब लगा कि डॉक्टर अंबेडकर की अनदेखी करने और एक परिवार के लिए सब कुछ आरक्षित करने की उसकी नीति सवालों के घेरे में आई हुई है तो उसने उलटे बाबा साहेब के अपमान का मुद्दा बना दिया।

जिन लोगों ने अपने लंबे शासनकाल में कभी भी डॉक्टर अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया और दलितों, पिछड़ों, वंचितों के लिए बाबा साहेब की सोच को शासन में लागू नहीं किया उन लोगों ने उनके अपमान का झूठा मुद्दा बना कर संसद को लड़ाई का अखाड़ा बना दिया। शीतकालीन सत्र में संसदीय राजनीति पर धब्बा लगाने वाली दूसरी घटना भी इसी से जुड़ी है। डॉक्टर अंबेडकर के कथित अपमान के मसले पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसद इतने आक्रामक हो गए कि लडने, भिड़ने पर आमादा हो गए। विपक्ष के आक्रामक प्रदर्शन की वजह से गुरुवार, 19 दिसंबर को संसद परिसर में धक्कामुक्की हो गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद घायल हो गए।

बुजुर्ग सांसद श्री प्रताप सारंगी और श्री मुकेश राजपूत को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भाजपा ने इस मामले में श्री राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा इसकी जांच करेगी। इतना ही नहीं नागालैंड की अनुसूचित जनजाति की महिला सांसद सुश्री फांगनोन कोन्याक ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला सांसद का कहना है कि राहुल इतने नजदीक आ गए थे कि वे असहज महसूस कर रही थीं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसका संज्ञान लिया है और लोकसभा स्पीकर व राज्यसभा के सभापति को इस मामले में तत्काल और उचित कार्रवाई करने को कहा है।

यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसदीय मर्यादा और परंपरा का लगातार क्षरण होता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी लगातार तीसरी बार चुनाव हारने के बाद सत्ता के लिए इतनी बेचैन हो गई है कि उसने संसद की गरिमा का ख्याल त्याग दिया है। उसे लग रहा है कि पहले 10 साल उसने जो नकारात्मक भूमिका निभाई उसी से उसके सांसदों की संख्या बढ़ी है और इसलिए उसे और ज्यादा नकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। परंतु ऐसी राजनीति कांग्रेस के लिए और साथ साथ देश, समाज व नागरिकों के लिए भी नुकसानदेह है। इस समय देश के सामने अनेक गंभीर सवाल हैं, जिन पर संसद के अंदर चर्चा होनी चाहिए थी।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर जिस तरह से अत्याचार हो रहे हैं, उस पर सभी को एकजुट होकर सवाल उठाना चाहिए थी। कनाडा और दुनिया के दूसरे देशों में हो रही भारत विरोधी गतिविधियों पर चर्चा करने और सरकार के हाथ मजबूत करने की आवश्यकता थी। राजधानी दिल्ली में, जहां विपक्षी सांसद अनावश्यक मुद्दों पर संसद की कार्यवाही स्थगित कर रहे थे वहां वायु प्रदूषण इतना है कि लोगों का दम घुट रहा है। इस पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी। वक्फ बोर्ड का बिल संयुक्त संसदीय समिति के पास है, जिस पर विचार विमर्श की प्रक्रिया विपक्ष की वजह से लंबी खींच रही है। दुनिया के अलग अलग हिस्सों में तख्तापलट और युद्ध की वजह से अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। उस पर संसद के अंदर व्यापक चर्चा की आवश्यकता थी। परंतु विपक्ष ने सभी आवश्यक मुद्दों को दरकिनार करके अपने राजनीतिक एजेंडे से जुड़े मुद्दे उठाए और उस पर सिर्फ सरकार को झुकाने और संसद के दोनों सदनों में मनमानी करने का प्रयास किया। दुर्भाग्य है कि इसमें सफल नहीं होने पर विपक्ष मारपीट और धक्कामुक्की पर उतर गया। यह भारतीय संसद के इतिहास में विपक्ष की गिरावट की नई मिसाल है।

नया साल मनाने जा रहे बेटे बेटियों को सावधान करें

//रमेश शर्मा //

केवल भारत ही नहीं पूरी दुनियाँ नया साल मनाने की तैयारी हो रही है । नदियों झील, समन्दर और पहाड़ों के पर्यटन स्थल और महानगरों में बार, होटल रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं । लेकिन एक बात समझ लें। गत वर्ष सौ से अधिक युवा घर लौट ही नहीं सके थे । वे या तो या तो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुये अथवा नशे में हुये झगड़ों का शिकार बने थे। घायलों की संख्या भी सैकड़ों में रहीं। गत वर्ष केवल उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर छै मौतें, पचहत्तर घायल हुये थे । आपसी झगड़ों में पुलिस ने आधीरात को 55 युवा बंदी बनाये थे ।

वर्ष 2024 के समापन के पल समीप आ गये । भारत में यह वर्ष अनेक उपलब्धियों की सौगात देकर विदा हो रहा है । पूरी दुनियाँ के साथ भारत में भी नववर्ष के स्वागत की तैयारी के समाचार मीडिया में आने लगे। यह तैयारी पर्यटन स्थलों, होटल, बार, रेस्टोरेंट आदि में अधिक है । अंग्रेज क्रिसमस की इन छुट्टियों में संसूरी नैनीताल आदि पहाड़ों पर जाया करते थे । अंग्रेज भले चले गये छुट्टियों में पहाड़ों पर जाने की परंपरा छोड़ गये । हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पहाड़ों के अधिकांश होटल बुक हो चुके हैं । पिछले वर्ष तो रास्ते में पाँच-पाँच किलोमीटर के जाम लगा था । इसके अतिरिक्त वर्ष हजारों लाखों लोगों द्वारा अपने नगर के होटलों में पार्टी देने की ही नहीं, कमरों की बुकिंग भी हो गई है ।

समय की तेज गति से अब यह प्रश्न पीछे छूट गया कि भारतीय परंपरा में नया साल कब आता है और कैसे मनाया जाता है। भारतीय शासन व्यवस्था और समाज जीवन एक जनवरी को नया साल मनाने की परंपरा में ढल गया है । दैनिक जीवन के कार्य ही नहीं अब तो जन्म पत्रिकाएँ भी अंग्रेजी वर्ष के दिनांक से बनती हैं। कुण्डली दिखाने के लिये भी अंग्रेजी दिनांक ही दी जाती है । यह आधुनिक नया साल प्रातःकालीन सूर्योदय से आरंभ नहीं होता । यह आधी रात से होता है । नये साल का उत्सव भी आधी रात को मनाया जाता है । आधी रात के इस उत्सव की दो विशेषताएँ होतीं हैं। एक यह उत्सव बिना शराब पार्टी के पूरा नहीं होता और दूसरा अधिकांश आयोजनों में स्त्री पुरुष साथ होते हैं । हालाँकि कुछ पार्टियों में परिवार और पारिवारिक मित्रों के साथ होती हैं । लेकिन अनेक पार्टियों में भाग लेने वाले जोड़े, पति पत्नि नहीं, मित्र होते हैं। इनमें अधिकांश वे युवा होते हैं जो पढ़ाई या जॉब के लिये घरों से बहुत दूर रहते हैं। पिछले साल नववर्ष की रात जो घटनाएँ घटीं थीं उनमें अधिकांश इसी प्रकार के समूहों के बीच घटीं थीं। जो हत्या, प्राण घातक मारपीट, बलात्कार, बलात्कार का प्रयास और बेहद घटिया छेड़छाड़ से भरीं थीं। वर्ष 2022 और 2023 के बीच एवं वर्ष 2023 और 2024 के बीच मनाये गये नववर्ष उत्सव की मध्य में रात्रि 10 बजे से 2-30 बजे के बीच केवल साढ़े चार घंटे में देश की राजधानी दिल्ली में कुल बत्तीस बड़े अपराध घटे थे । जिसमें उन्नीस बहुत गंभीर थे। इनमें चार मर्डर और बारह बलात्कार एवं बलात्कार का प्रयास थे । यदि इसमें दून, मुम्बई, बंगलूर, हैदराबाद, चैन्नई आदि 17 महानगरों के आँकड़े जोड़ें तो बड़े अपराधों की यह संख्या सौ से अधिक होती है । गत वर्ष केवल उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर झगड़े और दुर्घटनाओं में छै मौतें हुईं थीं। इनमें दून में चार, लालकुआँ भीमताल में एक और हल्द्वानी में एक मौत हुई थी । शराब के नशे में आधीरात को जो झगड़े हुये उनमें कुल 55 लोग बंदी बनाये गये थे। इनमें अकेले दून में तीस लोग बंदी बनाये गये थे । इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ के जशपुर में एक कार पेड़ से टकराई चार मौतें, झारखंड में छै, हापुड़ में दो, जमशेदपुर में छै मौतें हुई थी। नेशनल सिक्युरिटी काउन्सिल द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार देशभर नववर्ष की रात को कुछ 104 मौतें हुई थीं। गतवर्ष अर्थात 2023 की 30 एवं 31 दिसम्बर तथा वर्ष 2024 की एक जनवरी के इन तीन दिनों में कुल 308 मौतें हुई थीं। दो वर्ष पहले दिल्ली में एक बेटी को लगभग चौदह किलोमीटर घसीटा गया था । यह घटना सुल्तानपुरी इलाके में घटी थी । वह 20 अंजलि थी ।उसकी हड्डियां घिस चुकी थीं । शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था । यह घटना मीडिया की सुर्खियाँ में आई थी इसलिए दो साल बाद अब भी सबके ध्यान में है लेकिन बाकी सब घटनाएँ एक दिन से आगे न बढ़ सकीं थीं। गत वर्ष नशे की पार्टियों से अलग कुछ टोलियाँ ऐसी भी थीं जो नया साल मनाने किसी होटल में नहीं धार्मिक स्थलों पर गये थे । नववर्ष पर ऐसी ही एक वैष्णों देवी से लौटते समय मौतें । तेज रफ्तार गाड़ी खाई में गिरी और बारह लोग मारे गये। इन दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले कितने ही युवा अपने माता पिता की इकलौती संतान थे । और वे बेटियाँ जो उत्साह से नववर्ष मनाने गईं लेकिन बलात्कार या बलात्कार के प्रयास का शिकार हुईं । इनकी मनोदशा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वे पीड़ित प्रताड़ित युवा और उनके परिवार ये दर्द जीवन भर नहीं भूलेंगे। अपराध के ये आकड़े पहले नहीं हैं। हर साल ऐसी घटनाएँ घटतीं है। नववर्ष मनाने के पिछले दस वर्षों में ऐसी घटनाओं के आँकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। ये आँकड़े वे हैं जो पुलिस तक पहुंचे। छेड़छाड़ आदि की कितनी घटनाएँ ऐसी होंगी जो पुलिस तक नहीं पहुँच सकीं। इसका कारण यह है कि नववर्ष की पार्टी केलिये उत्साह का अतिरेक और नशा विवेक को शून्य कर देता है । जिससे वह न तो अपने भविष्य का आकलन कर पाता है और न पिछली घटनाओं से कोई सबक ही लेता है । इस वर्ष भी यही हो रहा है। नववर्ष उत्सव मनाने की तैयारी के जो समाचार आ रहे हैं वे पिछले वर्ष से बहुत अलग नहीं है । इसे हम महानगरों के होटल बार और रेस्टोरेंट की बुकिंग से समझ सकते हैं। पर्यटन स्थलों पर जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक बढ़ गया है । यह ठीक है कि दुर्घटनाएँ सभी के साथ नहीं घटतीं। अधिकांश लोग हँसी खुशी से ही लौट आयेंगे। और नववर्ष उत्सव के आनंद को मित्रों से साँझा करेंगे। पिछले सालों में भी ऐसा हुआ है । लेकिन सभी ऐसी सौभाग्यशाली नहीं होते। लेकिन जिन बेटे बेटियों का जीवन और मान संकट में पड़ता है उनकी क्षति की भरपाई कभी नहीं होती । इसलिए सावधानी और समझ दोनों आवश्यक हैं। किन मित्रों के साथ नया साल मनाना यह विचार आवश्यक है । जो युवक युवतियाँ अपने मित्रों के साथ नया साल मनाने जा रहे हैं तो सावधानी बरते । सावधानी हटी दुर्घटना घटी....!

तस्वीरों की दुनिया

इम्फाल में सेना के वाहन से उतरते हुए थमनापोकपी में भारी गोलीबारी के बीच सुरक्षा बलों द्वारा बचाए गए परिवार। गोलीबारी और विस्फोटों के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

कांग्रेस समर्थकों ने अमृतसर में श्रद्धांजलि समारोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका गुरुवार को निधन हो गया था।

बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में तृतीय विश्व हव्यक सम्मेलन 2024 के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ रामचंद्रपुरा मठ के श्री राघवेश्वर भारती.

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

एसएलएसटी-2016 से जुड़े सही शिक्षक अधिकार मंच के सदस्य कोलकाता में राज्य सरकार द्वारा भर्ती की मांग को लेकर आयोजित विरोध रैली में भाग लेते हुए।

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 के अभ्यर्थियों ने पटना में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

बारामूला जिले के गुलमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के दौरान कारें बर्फ से ढक गईं।

आज निगम बोध घाट पर होगा मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार, सरकार के फैसले से कांग्रेस नाराज

नईदिल्ली, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार स्थल के लिए राजधानी दिल्ली में एक जगह देने का केंद्र सरकार से आग्रह करते हुए कहा है कि उनके इस अंतिम स्थल पर एक स्मारक का निर्माण कर देश के इस महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए उचित स्थान की मांग की है, इस मुद्दे पर अकाली दल भी कांग्रेस साथ नजर आ रही है। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज सुबह कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर किया जाए जहां उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए एक स्मारक बनाया जा सके। हमारे देश के लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि भारत सरकार उनके वैश्विक कद, उत्कृष्ट उपलब्धियों के रिकॉर्ड और दशकों तक राष्ट्र की उल्लेखनीय सेवा के अनुरूप उनके अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए कोई स्थान क्यों नहीं ढूंढ सकी। यह कुछ और नहीं, भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जानबूझकर किया गया अपमान है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस सिलसिले में फोन पर बात

करने के बाद शुक्रवार को एक पत्र भी लिखा जिसमें मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल के लिए यमुना किनारे वहां जगह देने की मांग की गई है जहां देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों का स्मृति स्थल है। समझा जाता है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से इसके लिए बातचीत कर पहल करने का अनुरोध किया।पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार 28 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में मनमोहन सिंह के देश के संपूर्ण विकास तथा वैश्विक पटल पर भारत की साख और शान बढ़ाने में किए गए अहम योगदानों का उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को सम्मान देने का आग्रह किया है। खरगे ने शुक्रवार सुबह फोन पर पीएम मोदी से हुई अपनी बातचीत का उल्लेख करते हुए पत्र में पार्टी की ओर से इसके लिए अनुरोध किया है।

मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों की सफलताओं और कार्यों के साथ-साथ विश्व में भारत की प्रतिष्ठापूर्ण आवाज के प्रतिनिधि के तौर पर सामने आए पूर्व प्रधानमंत्री की विशेषताओं का भी पत्र में उल्लेख किया गया है। इसमें खरगे ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के इस चर्चित कथन का हवाला भी दिया है जिसमें उन्होंने मनमोहन सिंह के संदर्भ में कहा था। जब भारत के प्रधानमंत्री बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती हैखरगे ने कहा है कि बंटवारे का दर्द झेलते हुए साधारण परिवार से देश के शिखर और सम्मानित राजनेता बने मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल के लिए एक जगह उनके योगदानों का सम्मान होगा जहां उनका मेमोरियल भी बनाया जा सके। मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर कांग्रेस की संवेदनशीलता इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि पार्टी पर यह आरोप लगता रहा है कि वह गांधी परिवार से इतर अपने शीर्ष नेताओं के योगदानों की अनदेखी कर देती है।

इजरायली सैनिकों ने गाजा में फूंका अस्पताल स्टाफ और मरीजों जबरन निकाला बाहर

यरूशलम, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

इजरायल के सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा पट्टी में एक अस्पताल पर हमला किया। स्टाफ और मरीजों को अस्पताल से जबरन बाहर निकाला और फिर उसमें आग लगा दी। इजरायली सेना ने कहा कि हमास अपने एक अड्डे के तौर पर अस्पताल का इस्तेमाल कर रहा था। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संचालित आखिरी अस्पतालों में से एक पर हमला किया गया। अस्पताल से स्टाफ और मरीजों को जबरन बाहर निकाल दिया गया। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन महीने में इजरायली सैनिकों ने हमास के लड़ाकों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाकर कमाल अदवान अस्पताल पर कई बार हमला किया है। इसके अलावा इजरायली सेना ने गाजा में कई अन्य जगहों पर हमला किया, जिसमें 25 लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग अकेले गाजा सिटी में एक घर पर किए गए हमले में मारे गए। इस बीच, इजरायली लड़ाकू विमानों ने हथियारों की तस्करी रोकने के लिए सीरिया-लेबनान सीमा पर सात जगहों पर बमबारी की। इसके साथ ही विस्फोटकों और हथियारों से भरा एक ट्रक को पकड़ा।

पश्चिम एशिया में युद्धविराम की कोशिशों के बीच गाजा पट्टी में बुधवार रात इजरायली हवाई हमले में एक अस्पताल के बाहर पांच फलस्तीनी पत्रकारों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के इस दावे के बाद गुरुवार को इजरायली सेना ने कहा कि उसने आतंकियों को निशाना बनाकर हमले किए थे। इसके अलावा पूरे गाजा क्षेत्र में हुए इजरायली हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए। इजरायल ने लेबनान के बालबेक क्षेत्र में भी हवाई हमले किए।इजरायली हमले का निशाना नुसरत शरणार्थी शिविर था। शिविर के पास अल-अवदा अस्पताल के बाहर खड़ी कार में हुए धमाके में पांच पत्रकारों की मौत हो गई। पत्रकार स्थानीय कुद्स न्यूज नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास से संबद्ध आतंकी ग्रुप इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के समूह को निशाना बनाया, जिसने सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल में हमले कर युद्ध की शुरुआत की थी।वहीं, पत्रकारों की सुरक्षा करने वाली समिति का कहना है कि युद्ध शुरू होने के बाद से 130 से अधिक फलस्तीनी पत्रकार मारे गए हैं।

मरीज बनकर आए बदमाशों ने कर दी डॉक्टर की हत्या, रुपये लूटे और सीने में मार दी गोली

इंदौर। इंदौर के परदेशीपुरा में एक सनसनीखेज वारदात हुई है, यहां डॉ. सुनील साहू की नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश डॉक्टर के पास मरीज बनकर पहुंचे थे। उपचार के बाद बदमाशों ने रुपये लूटे और सीने में गोली दाग दी। राजेंद्र नगर टीआइ नीरज बिरथरे के मुताबिक घटना गली नंबर एक में रात करीब पौने 11 बजे हुई। 34 वर्षीय डॉ. सुनील साहू क्लीनिक पर बैठे हुए थे। तीन बदमाशों ने साथ आए युवक का उपचार करवाया और उन्हें फीस दी। जैसे ही साहू ने खुले रुपये लौटाने के लिए जेब से रुपये की गड्डी निकाली एक बदमाश ने पिस्टल तान ली। उनसे रुपये मांगे और सीने में गोली दाग दी।घटना के वक्त साहू का कर्मचारी दीपक चौहान भी मौजूद था।

बदमाशों ने पिकअप को भी धमकाया और उससे मोबाइल बंद करवाया। बदमाशों ने दीपक का मुंह दीवार की तरफ करवाया और भाग गए। दो साल पहले ही शादी हुई थी स्वजन के मुताबिक डॉ. साहू मूलतः कुमराज (गुना) के रहने वाले थे। उन्होंने ग्वालियर से बीएचएमएस किया था। करीब दो वर्ष पहले ही उनकी वीआईपी परस्पर नगर में रहने वाली सोनाली से शादी हुई थी। उन्होंने तीन माह पहले ही कुंदन नगर में जीवनधारा क्लीनिक खोला था।

सोशल मीडिया पर हुस्न की गुदगुदी का चारा, फंस रहे सक्रिय किशोर, इस तरह अपना शिकार बनाते हैं साइबर ठग

भागलपुर, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

लोगों को नित नये तरकीब से ठगी का शिकार बनाने वाले साइबर शातिर अब इंटरनेट मीडिया पर एक्टिव किशोरों को हुस्न की गुदगुदी का झांसा दे फांस रहे हैं। राजधानी पटना के बाद साइबर ठगी और बुलिंग का सबसे ज्यादा शिकार भागलपुर जिले के किशोर हुए हैं। इस साल अबतक राज्य में 36 हजार के करीब किशोर साइबर ठगी के शिकार हुए हैं, जिसमें भागलपुर जिले के 76 सौ के करीब किशोर ठगी के शिकार हुए हैं। ठगी के शिकार हुए किशोरों की संख्या मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान जिले में भी अच्छी-खासी है। टोल फ्री नंबर 1098 पर ऐसी शिकायतों की मानों बाढ़ आ गई है। साइबर ठगी और बुलिंग के शिकार किशोर उम्र के लड़के-लड़की अपनी पोड़ा अपने मां-बाप को बता नहीं पा रहे हैं। इंटरनेट मीडिया और बैंक खातों के जरिये ठगी की घटना में काफी इजाफा हुआ है। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर आने वाली काल से यह सनसनीखेज आंकड़े उजागर हुए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस हेल्पलाइन को संचालित करता है। इंटरनेट मीडिया पर एक्टिव होने और उनके बैंक खाते होने के कारण किशोर ही अधिकांश साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं।इंटरनेट पर एक्टिव किशोरवय उम्र के लड़के-लड़कियों को इसलिए आसानी से शिकार बना ले रहे हैं कि उनके बैंक अकाउंट होते हैं। साइबर शातिर लड़कों को फांसने में लड़कियों के नाम का इस्तेमाल करते हैं। लड़कों से पैसे ऐंठने के लिए लड़कियों का नाम इस्तेमाल आसानी से कर ले रहे हैं।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर आने वाली शिकायतों की बात करें तो राज्य में इस साल अबतक 36 हजार से अधिक किशोर साइबर फ्राड के शिकार हुए हैं। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अनुसार इंटरनेट मीडिया अकाउंट और बैंकों के खाते वाले किशोर साइबर शातिर के निशाने पर अधिक हैं। साइबर शातिर लड़की होने का झांसा देकर किशोरों को झटके में ठग ले रहे हैं। ठगी के शिकार अधिकांश किशोर अपने परिजन को इस घोर परेशानी की जानकारी नहीं दे पाते। घुंट-घुंट कर रहते। जिस कारण ब्लैकमेलिंग के शिकार भी अधिक हो रहे हैं।

दोस्त, मार्गदर्शक और दार्शनिक, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को याद कर भावुक हुई सोनिया गांधी

नईदिल्ली, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को अपने लिए बड़ी व्यक्तिगत क्षति करार दिया। उन्होंने कहा कि वह उनके लिए मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। कांग्रेस पार्टी और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है। सोनिया गांधी ने शोक संदेश में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक ऐसा नेता खो दिया है जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे। उन्होंने पूरे दिल और दिमाग से देश की सेवा की। वह कांग्रेस पार्टी के लिए मार्गदर्शन करने वाले प्रकाशपुंज थे। उनकी करुणा और दूरदर्शिता ने लाखों भारतीय नागरिकों के जीवन को बदल दिया और सशक्त बनाया। वह अपने व्यवहार में बहुत सौम्य थे, लेकिन अपने गहरे विश्वासों में बहुत दृढ़ थे।कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता गहरी और अटूट थी।

सोनिया गांधी ने इस बात का उल्लेख किया, उनके साथ कोई भी समय बिताने का मतलब उनके ज्ञान और दूरदर्शिता से प्रबुद्ध होना, उनकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से प्रभावित होना और उनकी वास्तविक विनम्रता से आश्चर्यचकित होना था। वह हमारे राष्ट्रीय जीवन में एक ऐसा शून्य छोड़ गए हैं, जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे। हम आभारी रहेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस कार्य समिति ने शनिवार को न सिर्फ एक शोक प्रस्ताव पारित कर उन्हें अपनी श्रद्धाजंलि दी बल्कि देश के विकास में उनके अहम योगदान को भी याद किया।

दिल्ली में 27 सालों का रिकॉर्ड टूटा, दिसंबर में सबसे ज्यादा बारिश, अगले तीन दिनों के लिए यलो अलर्ट

नईदिल्ली, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

राजधानी में शुक्रवार को पूरे दिन रुक-रुक का झमाझम वर्षा हुई। इस वजह से रात ढ़ाई बजे से शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 39.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इससे दिसंबर माह में वर्षा का 27 वर्षों का रिकार्ड टूट गया। साथ ही ठंड बढ़ने से अधिकतम तापमान पिछले दिन के मुकाबले 9.5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। इस वजह से शुक्रवार का दिन पिछले पांच वर्षों में दिसंबर में सबसे अधिक ठंडा रहा। वर्षा होने से प्रदूषण से भी राहत महसूस की गई लेकिन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने तेज वर्षा होने के बावजूद भी लगातार चौथे दिन शुक्रवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में 353 बताया। जबकि स्विस कंपनी के एप आइक्यूएयर ने औसत एयर इंडेक्स 212 और रात साढ़े आठ बजे एयर इंडेक्स 153 बताया, जो सीपीसीबी के मानक के अनुसार मध्यम श्रेणी में माना जाता है। मौसम विभाग ने शनिवार सहित तीन दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार सुबह से दोपहर के बीच रुक-रुक कर एक-दो बार वर्षा भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सुबह ज्यादातर जगहों पर हल्का व कुछ जगहों पर मध्यम स्तर का भी कोहरा हो सकता है। रविवार से आकाश साफ हो जाएगा लेकिन कुछ जगहों पर घना और कुछ जगहों पर बेहद घना कोहरा हो सकता है। सोमवार को मध्यम स्तर का कोहरा होने की संभावना है। मध्यम स्तर का कोहरा होने पर न्यूनतम दृश्यता 200 से 500 मीटर, घना कोहरा होने पर न्यूनतम दृश्यता 50 से 200 मीटर और बेहद घना कोहरा होने पर न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर से भी कम होती है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को पालम में सबसे अधिक 42.7 मिलीमीटर, लोधी रोड में 41 मिलीमीटर व पूसा में 40 मीटर वर्षा दर्ज की गई। शुक्रवार से पहले दिल्ली में इस माह 3.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। इस वजह से दिसंबर में इस माह अब तक कुल 42.8 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो वर्ष 1997 के बाद सबसे अधिक है। वर्ष 1997 में दिसंबर में कुल 71.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। इसके बाद वर्ष 2019 में दिसंबर में 33.9 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस कम है। इससे पहले दिसंबर में अधिकतम तापमान सबसे कम वर्ष 2019 दर्ज किया गया था। तब 17 व 18 दिसंबर को अधिकतम तापमान 12.9 डिग्री और 12.2 डिग्री सेल्सियस था। इसके बाद इस बार शुक्रवार को अधिकतम तापमान सबसे कम दर्ज किया गया लेकिन न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण मौसम विभाग ने कोल्ड डे नहीं माना। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है और पिछले दिन के मुकाबले 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम तापमान साढ़े चार डिग्री सेल्सियस से कम और न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस कम होने पर कोल्ड डे माना जाता है।

मनमोहन सिंह ने मेरे बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की पेशकश की थी, मलेशियाई पीएम इब्राहिम ने बताया किस्सा

सिंगापुर, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने शुक्रवार को मनमोहन सिंह को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री को याद किया और बताया कि कैसे भारतीय नेता ने उनके जेल में रहने के दौरान उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की पेशकश की थी। हालांकि, अनवर इब्राहिम ने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था, लेकिन वे स्पष्ट रूप से इस भाव से प्रभावित थे। मलेशियाई नेता 1999 से 2004 तक जेल में रहे, जब उनकी सजा पलट दी गई। इस दौरान डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे।एक्स पर, उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्तियों में से एक के रूप में उभरने की दाई के रूप में वर्णित किया। उन्होंने लिखा कि राजनेता के तौर पर डॉ मनमोहन सिंह थोड़े अजीब हैं, लेकिन एक राष्ट्र कर्मी के तौर पर वे निर्विवाद रूप से ईमानदार, दृढ़ थे। वे अपने पीछे ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने लिखा कि बहुत से लोग यह नहीं जानते है और अब समय आ गया है कि मैं इसे मलेशियाई लोगों के साथ साझा करूं, मेरे कारावास के वर्षों के दौरान मनमोहन सिंह ने ऐसी दयालुता दिखाई, जिसकी उन्हें जरूरत नहीं थी।

उन्होंने मेरे बच्चों, खास तौर पर मेरे बेटे इहसान के लिए छात्रवृत्ति की पेशकश की थी।मलेशियाई प्रधानमंत्री ने लिखा कि हालांकि मैंने इस शानदार पेशकश को अस्वीकार कर दिया था, लेकिन इस तरह के इशारे ने निस्संदेह उनकी असाधारण मानवता और उदारता को दर्शाया। उन्होंने लिखा, उन काले दिनों में, जब मैं कारावास की भूलभुलैया से गुजर रहा था, वे एक सच्चे मित्र की तरह मेरे साथ खड़े रहे। शांत उदारता के ऐसे कार्य उन्हें परिभाषित करते हैं और वे हमेशा मेरे दिल में अंकित रहेंगे। अलविदा, मेरे मित्र, मेरे भाई, मनमोहन।

पाकिस्तान में मनमोहन सिंह का पैतृक गांव भी दुखी ग्रामीण बोले- अंतिम संस्कार में शामिल होना चाहते हैं

इस्लामाबाद, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से पाकिस्तान में उनका पैतृक गांव भी दुखी है। इस्लामाबाद से करीब 100 किलोमीटर दूर गाह गांव के लोगों ने एक सभा की और अपने गांव के उस मनमोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया, जो बाद में भारत के प्रधानमंत्री बने थे।अलाफ हुसैन नामक एक ग्रामीण ने कहा, पूरा गांव शोक में है। हमें लगता है कि आज हमारे परिवार में से किसी की मृत्यु हुई है।हुसैन गाह के उसी स्कूल में शिक्षक हैं, जहां मनमोहन सिंह ने कक्षा चौथी तक की पढ़ाई की थी। मनमोहन के पिता गुरमुख सिंह कपड़ा व्यापारी थे, जबकि उनकी मां अमृत कौर

गुहिणी थीं। उनके दोस्त उन्हें मोहना बुलाते थे।मनमोहन का जब इस गांव में जन्म हुआ था, तब यह झेलम जिले में आता था, लेकिन बाद में इसे चकवाल में शामिल कर दिया गया। 1986 में चकवाल को जिला बना दिया गया था।

मनमोहन के सहपाठी रहे राजा मोहम्मद अली के भतीजे राजा आशिक अली ने 2008 में उनसे मिलने के लिए दिल्ली आए थे।उन्होंने कहा, ये सभी ग्रामीण बेहद दुखी हैं। वे भारत में उनके अंतिम संस्कार में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन यह संभव नहीं है। इसलिए वे यहां शोक व्यक्त करने के लिए आए हैं। मनमोहन सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गाह के स्कूल में हुई थी। स्कूल के रजिस्टर में उनका प्रवेश क्रमांक 187 है और उन्होंने 17 अप्रैल, 1937 को दाखिला लिया था।

मुंबई हमले के बाद पाक पर सैन्य कार्रवाई करना चाहते थे मनमोहन, ब्रिटेन के पूर्व पीएम कैमरन ने किया था बड़ा खुलासा

मुंबई। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने अपने संस्मरण में उल्लेख किया है कि जुलाई 2011 के मुंबई बम विस्फोटों के बाद मनमोहन सिंह ने उनसे कहा था कि यदि ऐसा कोई और हमला होता है तो भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करनी होगी। मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार 28 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। पूर्व ब्रिटिश पीएम कैमरन ने 2019 में आई अपनी किताब फार द रिकार्ड में लिखा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ मेरे अच्छे संबंध थे। वह एक संत पुरुष थे, लेकिन भारत के सामने आने वाले खतरों के बारे में वह सख्त थे। एक यात्रा पर उन्होंने मुझसे कहा था कि जुलाई 2011 में मुंबई जैसे एक और आतंकी हमले की स्थिति में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करनी होगी।2013 में अमृतसर की यात्रा के दौरान तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के साथ चर्चा के दौरान 1919 में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड को ब्रिटिश इतिहास की बेहद शर्मनाक घटना बताया था।

मेले में आई महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार, तीन करोड़ का सामान लेकर घूम रही थी, पकड़े जाने पर दंग रह गए अधिकारी!

कौशांबी, 28 दिसम्बर [एजेंसी]।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) व संदीपनघाट पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में नकली जेवरात बेचने जा रहे अंतरराज्यीय गैंग का राजफाश किया है। पकड़े गए गैंग के सदस्यों के पास से करीब तीन करोड़ रुपये कीमत के वास्तविक दिखने वाले नकली आभूषण बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरोह की महिला सदस्य समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।सीओ चायल सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि महाकुंभ में कुछ लोग सोने-चांदी के असली दिखने वाले नकली आभूषण बेचने की फिराक में जा रहे हैं। इस पर उन्होंने एसओजी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह व संदीपनघाट थानाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह की टीम को घेराबंदी करने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने

काजीपुर पानी की टंकी के पास घेराबंदी कर एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोने-चांदी के जैसे दिखने वाले आर्टिफिशियल जेवरात बरामद किया। पकड़े गए लोगों की पहचान कानपुर देहात निवासी बीरबल उर्फ मोहन शर्मा व भोपाल निवासी राजू सिंह, लक्ष्मी बंजारा के रूप में हुई। सभी के पास से दो किलो 482 ग्राम पीली धातु की लरी, पीली धातु की एक टिकिया, 1905 ग्राम का बना सफेद धातु का सिक्का, 24,053 रुपये नकद व तीन फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि बरामद नकली धातु के जेवर को वह असली बताकर महाकुंभ में बेचने जा रहे थे। अगर जेवर असली से भी कुछ कम भाव में बेचते तो तीन करोड़ रुपये की बिक्री होती। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संदीपनघाट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।पकड़े गए आरोपियों के पास से किंग एडवर्ड के जमाने का एक चांदी का सिक्का व एक सोने की टिकिया मिली है।

आरोपियों ने कबूल किया कि वह ग्राहकों को झांसे में लेने के लिए यही असली सिक्का व टिकिया टेस्ट कराने के लिए देते थे। वास्तविक होने के कारण खरीदार फंस जाता था। ग्राहक का विश्वास जीतने के लिए साधारण से दिखने वाले शातिर बताया करते थे कि आभूषण व सिक्के में उन्हें गड़े धन की खुदाई में मिले हैं।पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह धार्मिक मेले में ऐसे नकली आभूषण बेचते थे। ग्राहक भी अपरिचित हुआ करता था। इसकी वजह से पकड़े जाने का खतरा नहीं होता था। इससे पहले वह नवरात्र के दिनों में मैहर में कई लोगों को आभूषण बेच चुके हैं।आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनका चालान न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को अदालत ने जेल भेज दिया है। अब इन आरोपियों को कोर्ट से रिमांड पर लेने के बाद विस्तार से पूछताछ की जाएगी। जो जेवरात बरामद हुए हैं, वह देखने में हूबहू असली जैसे दिखते हैं। ऐसे में कोई ऐसी कंपनी का नाम भी सामने आ सकता है, जो ऐसे आभूषण बनाकर इस तरह की जालसाजी करने वालों को बेचा करती हो।

सुबह-सुबह सूर्य नमस्कार करना सेहत के लिए होता है फायदेमंद, ऐसे डालें इसकी आदत

सुबह के समय सूर्य नमस्कार करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल शरीर को ताजगी देता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप सुबह के समय सूर्य नमस्कार करने की आदत डाल सकते हैं और इसके क्या-क्या फायदे होते हैं।यह लेख सभी उम्र के लोगों के लिए उपयोगी होगा, खासकर उन लोगों के लिए, जो अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव लाना चाहते हैं।

सही तरीके से शुरुआत करें

सूर्य नमस्कार की शुरुआत करने से पहले अपने शरीर को हल्का गर्म कर लें। इससे मांसपेशियों में खिंचाव नहीं होगा और चोट लगने का खतरा कम रहेगा।शुरुआत में धीरे-धीरे यह एक्सरसाइज करें और हर आसन पर ध्यान दें। अगर आप पहली बार कर रहे हैं, तो किसी विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर होगा, ताकि आप सही तरीके से इसे सीख सकें।इससे आपको सही तकनीक का ज्ञान होगा, जिससे अभ्यास अधिक प्रभावी होगा और शरीर का लचीलापन बढ़ेगी।

नियमितता बनाए रखें

सूर्य नमस्कार का फायदा तभी मिलता है, जब इसे नियमित रूप से किया जाए। इसे रोजाना एक ही समय पर करने की कोशिश करें, ताकि यह आपकी दिनचर्या का हिस्सा बन सके।इससे आपके शरीर को इसकी आदत हो जाएगी और आप ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नियमित अभ्यास से न केवल आपका शरीर लचीला बनेगा, बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी।यह आदत आपको दिनभर तरोताजा और सक्रिय बनाए रखेगी, जिससे आपके काम करने की क्षमता भी बढ़ेगी।

सांसों पर ध्यान दें

सूर्य नमस्कार करते समय सांसों पर ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। हर आसन के साथ धीरे-धीरे और सही तरीके से सांस लें और छोड़ें।इससे आपकी श्वसन प्रणाली मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी। गहरी सांस लेने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है, जिससे आप बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर पाते हैं।यह प्रक्रिया शरीर को ऊर्जा देती है और आपको दिनभर तरोताजा महसूस करवाती है।

धीरे-धीरे अभ्यास का समय बढ़ाएं

शुरुआत में 5-10 मिनट तक सूर्य नमस्कार करें, ताकि आपका शरीर इस अभ्यास का आदी हो सके। धीरे-धीरे इसका समय बढ़ाएं और ध्यान दें कि आपका शरीर कैसे प्रतिक्रिया करता है।जैसे-जैसे आप इसे नियमित रूप से करते रहेंगे, आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी। इससे आपको बेहतर संतुलन और शारीरिक शक्ति मिलेगी।अधिक समय तक अभ्यास करने से आप मानसिक रूप से भी शांत महसूस करेंगे और दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। यह प्रक्रिया आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

खुद को प्रेरित रखें

खुद को प्रेरित रखने के लिए अपने अनुभवों को लिखें और दोस्तों के साथ साझा करें, जो इस प्रक्रिया में आपकी मदद कर सकते हैं।इससे आपको नई दृष्टि मिलेगी और आप अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। सकारात्मक सोच बनाए रखें और अपनी प्रगति को मापने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्यों का निर्धारण करें।यह आदत आपको लंबे समय तक प्रेरित रखेगी और सूर्य नमस्कार का अभ्यास जारी रखने में मदद करेगी।

सलमान खान की सिकंदर का फर्स्ट लुक आउट, बर्थडे पर भाईजान ने किया बड़ा ऐलान

सलमान खान का आज 27 दिसंबर को बर्थडे है इसके पहले भाईजान ने दर्शकों के लिए अपनी अपकमिंग और मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक जारी किया है. साथ ही फैंस को बर्थडे पर एक धमाकेदार गिफ्ट देने का भी ऐलान किया है. सलमान ने पोस्टर शेयर करते हुए फैंस को बर्थडे पर तोहफा देने का वादा किया है. सलमान खान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, आज सुबह फिर से मिलते हैं ठीक 11.07 बजे. सिकंदर का टीजर कल रिलीज होगा. यानि सिकंदर की पहली झलक हमें सलमान खान के बर्थडे पर देखने को मिलेगी. जिसके लिए फैंस पहले से ही एक्साइटेड हैं. वहीं भाईजान ने इसे शेयर करके फैंस की एक्साइटमेंट दोगुनी कर दी है. सलमान खान 27 दिसंबर को अपना 58वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले हैं. फैंस को पहले से उम्मीदें थीं कि वे अपने बर्थडे पर जरुर कुछ अच्छा तोहफा देंगे स्पेशली सिकंदर से कुछ अनाउंस करेंगे. उनकी उम्मीदें पूरी करते हुए भाईजान ने बर्थडे से एक दिन पहले फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया वहीं बर्थडे पर टीजर रिलीज करने का अनाउंसमेंट भी किया. इस अनाउंसमेंट से फैंस काफी खुश हो गए हैं. इससे पहले वरुण धवन अपनी नई फिल्म बेबी जॉन के लिए बिग बॉस 18 में गए थे।

क्या एलोवेरा जूस सेहत के लिए हमेशा सुरक्षित होता है? जानिए इसकी सच्चाई

एलोवेरा जूस एक ऐसा पेय है, जिसे बेहद सेहतमंद माना जाता है। यह सच है कि एलोवेरा में कई पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं।हालांकि, क्या यह हमेशा सुरक्षित होता है?इस लेख में हम एलोवेरा जूस से जुड़े कुछ मिथकों पर चर्चा करेंगे और जानेंगे कि इसे डाइट में जोड़ते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि इसका सही लाभ मिल सके और संभावित नुकसान से बचा जा सके।

एलोवेरा जूस के फायदे और नुकसान

एलोवेरा जूस को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया जाता है, क्योंकि यह पाचन को सुधारने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है।हालांकि, इसका अधिक सेवन पेट दर्द या दस्त जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसीलिए, इसे संतुलित मात्रा में ही लेना चाहिए।अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं या दवा ले रहे हैं, तो इसे खान-पान का हिस्सा बनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें, ताकि कोई अनचाही समस्या न हो।

गर्भवती महिलाओं को नहीं करना चाहिए इसका सेवन

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपनी डाइट का खास ध्यान रखना होता है। इस समय एलोवेरा जूस का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि एलोवेरा जूस में मौजूद कुछ तत्व गर्भस्थ शिशु पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। यह शिशु के विकास में बाधा डाल सकता है।इसलिए गर्भवती महिलाओं को एलोवेरा जूस पीने से बचना चाहिए या विशेषज्ञ की राय अवश्य लेनी चाहिए, ताकि कोई समस्या न हो।

बच्चों के लिए नहीं है फायदेमंद

मां-बाप बच्चों को हमेशा पौष्टिक खाद्य पदार्थ देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, एलोवेरा जूस का सेवन उनके लिए फायदेमंद नहीं होता है।बच्चों का पाचन तंत्र वयस्कों जितना मजबूत नहीं होता है और एलोवेरा जूस उनके पेट में दर्द पैदा कर सकता है। इससे पेट में ऐंठन हो सकती है या दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इसलिए बच्चों को यह देने से पहले बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें।

अगर आप कोई दवा ले रहे हैं, तो एलोवेरा जूस पीने से पहले सावधानी बरतें। यह कुछ दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकता है और उनकी प्रभावशीलता को कम कर सकता है या साइड इफेक्ट्स बढ़ा सकता है। ऐसे में डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है, ताकि आपकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर बनी रहे और कोई अनचाही समस्या न हो।एलोवेरा जूस के फायदे होते हुए भी इसका सेवन सोच-समझकर करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके।

शब्द सामर्थ्य -279

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनूपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 278 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			टट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

निखिता गांधी ने श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया

पॉप गायिका निखिता गांधी ने एक लोकप्रिय संगीत रियलिटी शो में लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि यह मुलाकात फिल्म निर्माता राजकुमार राव की फिल्म संजू के लिए रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान हुई थी।

निखिता और श्रेया घोषाल ने रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म संजू में राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित दो गानों क्रमशः मुझे चांद पे ले चलो और कर हर मैदान फतेह में अपनी आवाज दी थी।

रिकॉर्डिंग के दिनों को याद करते हुए, निखिता ने कहा- मुझे राजकुमार हिरानी की फिल्म संजू के दौरान पहली बार श्रेया से मिलना याद है, जहाँ हम दोनों के गाने थे। मुझे रिकॉर्डिंग सत्र के दौरान उनसे मिलना याद है और वह रिकॉर्डिंग बूथ में अपने टेक कर रही थीं और हर टेक इतना शानदार था। मुझे याद है कि मैं वहां विस्मय में बैठी थी और उनका गायन सुन रही थी। वह उन सबसे शानदार गायिकाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी सुना है।

उन्होंने आगे कहा, उनसे दोबारा मिलकर बहुत अच्छा लगा और मैं एक कलाकार के रूप में उनका बहुत सम्मान करती हूं और जिस तरह से उन्होंने अपनी कला को निखारा है, मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं।

निखिता ने हाल ही में एपी ढिल्लों के ब्राउनपॉइंट टूर में अपने सफल ट्रैक प्रस्तुत किए थे, जिसकी शुरुआत मुंबई से हुई थी और वह अपने लाइव शो के लिए दुनिया भर की यात्रा भी कर रही हैं।

33 वर्षीय गायक ने राब्ता में दीपिका पादुकोण के चेहरे के रूप में शीर्षक ट्रैक राब्ता के लिए गाना गाया है। उन्होंने फिल्म जग्गा जासूस से अरिजीत सिंह के साथ उड्डू का पट्टा गाना गाया।

उन्होंने सचिन- ए बिलियन ड्रीम्स, जब हैरी मेट सेजल, केदारनाथ, लुका छुपी, सूर्यवंशी और टाइगर 3 सहित कई हिंदी फिल्मों के लिए अपनी आवाज का हुनर दिखाया है। निखिता ने लियो, वरिसु, कांकपिट और किशमिश जैसी फिल्मों के लिए बंगाली और तमिल गाने भी गाए हैं। उनके चार्टबस्टर हिट गानों में आओ कभी हवेली पे, पोस्टर लगवा दो और बादशाह के साथ जुगनू गाने शामिल हैं जो वायरल हिट साबित हुए।

ब्लैक कलर में बला की खूबसूरत दिखीं अनुष्का सेन

बालवीर फेम अनुष्का सेन इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में अपनी एक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका बोल्ड और हॉट अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस अनुष्का सेन बेहद ही टैलेंटेड अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने ब्लैक कलर का बैकलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बालों को स्टाइलिश लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

हाई हील्स, हाथों में बैग पकड़े हुए और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस लुक को बेहद ही स्टनिंग तरीके से निखारा है।

अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 39.9 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म की शीर्षक से उठा पर्दा

निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है। आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है धुरंधर। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है। अमृतसर में इस फिल्म की शूटिंग करीब एक महीने तक चली। एक्टर राकेश बेदी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कस्टम केक की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है।

मांगो को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

जनकपुर। एमसीबी जिले के विकासखंड मुख्यालय जनकपुर में कांग्रेस पार्टी ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान श्री कमरो द्वारा मंच से सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव साय सरकार बैठी है, प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है, वनाँचल क्षेत्र से रेत का अवैध तरीके से उतखनन और परिवहन किया जा रहा है। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वायदे में कहा था कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने पर किसानों से उनकी धान के उपज को 31 सौ रुपए प्रति क्यूंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्यूंटल लिया जाएगा और एक मुस्त भुगतान किया जाएगा। लेकिन प्रदेश में भाजपा को बिष्णुदेव साय की सरकार बन जाने पर समितियों में किसानों से प्रति एकड़ 14-15 क्यूंटल

धान की खरीदी किया जा रहा है और किसानों को 23 सौ रुपए प्रति क्यूंटल की दर से ही भुगतान किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के किसान अपने आपको छला महसूस कर रहें है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था के बारे में कहा की विगत दिनों वन विभाग की टीम ग्राम घटई, कंजिया में अतिक्रमण हटाने गयी थी, टीम के द्वारा ग्रामीण महिलाओं से मारपीट की गई जिसकी जाँच कर दोषियो पर कार्यवाही किया जाए। प्रदर्शन पश्चात श्री कमरो ग्राम हरचौका स्थित मवई नदी रेत खदान का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा शिकायत किया गया कि रेत उतखनन व परिवहन का विरोध करने पर रेत ठेकेदार द्वारा हम ग्रामीणों को धमकाया जाता है। जिस पर उन्होंने पुलिस प्रशासन को कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर कार्यवाही किया जाए। हालांकि पूर्व विधायक के मवई नदी रेत खदान पहुंचने पर वहां से पोकलेन मशीन गायब मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक श्रीवास्तव, रविप्रताप सिंह, रामप्रकाश मानिकपुरी, अवधेश सिंह, मो. नासिर, उपेंद्र द्विवेदी, संजू गुप्ता, रामू सिंह, विनीत सिंह , देवेंद्र पांडेय, अमर सिंह ,आनंद ,संदीप द्विवेदी, बीरभान, छोटेलाल वर्मा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

वन विभाग की टीम ने लाखों रुपए की कीमती लकड़ी पकड़ा

कोरिया बैकुंठपुर। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने 24/12/2024 को अवैध लकड़ी भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। वन परिक्षेत्र अधिकारी भगन राम खेस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम टेमरी में लाल बहादुर सूर्यवंशी के घर सर्च वारंट के तहत छापा मारा गया। तलाशी के दौरान लाखों रुपये की बेस कीमती लकड़ी जब्त की गई। जप्त सामग्री में 18 नग सागौन लट्ठा,4 नग साल चिरान पटरा, 6 नग कुम्हार लट्ठा,10 नग तैयार दरवाजा और 26 नग शीशम पटरा शामिल हैं। सभी लकड़ियों को शासकीय वाहन से छिंदडाड़ डिपो ले जाया गया।

सर्व यादव समाज जिला अध्यक्ष राम विनोद सिंह यादव का किया गया सम्मान

कोरिया बैकुंठपुर। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में सर्व यादव समाज के जिला अध्यक्ष राम विनोद सिंह यादव को प्रियांशु ईलेक्ट्रिकल में फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर प्रियांशु ईलेक्ट्रिकल के संचालक सौरभ सिंह,कमला इंटरप्राइजेज के संचालक संजय सोनी,शरद शुक्ला,संजय जायसवाल,बलराम यादव,प्राणबल्लभ दुबे,मनीष द्विवेदी,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

चुनाव से पूर्व नगर पालिका के अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार फैलाने का किया जा रहा है प्रयास

कोरिया बैकुंठपुर। पूर्ववर्ती कोरिया जिले में नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। नगरीय निकाय में स्थानीय अधिकारी अपनी नियुक्ति करवा कर शासन की योजनाओं का तथा नगरीय निकाय में निकलने वाले निविदा टेंडर मे व्यापक रूप से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यह चुनाव के पूर्व स्थानीय अधिकारियों के द्वारा किया गया व्याप्त भ्रष्टाचार की एक कड़ी मानी जा सकती है। जिससे चुनाव में अपनी पसंदीदा प्रतिनिधियों को चुनाव जीतवाने का प्रयास माना जा सकता है। चाहे नगरीय निकाय बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद हो या शिवपुर चर्चा नगर पालिका परिषद और इसी प्रकार मनेद्रगढ़ नगर पालिका परिषद में भी स्थानीय नगर पालिका अधिकारी को नियुक्ति करा कर भ्रष्टाचार फैलाना इन स्थानीय अधिकारियों कि जवाबदारी के रूप में शासन सत्ता के द्वारा जिम्मेदारी दी गई है।

इस संबंध में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में निवास रत नागरिकों जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में भ्रष्टाचार चरम पर है। तथा स्थानीय अधिकारी एवं उनके मातहत कर्मचारियों के द्वारा भ्रष्टाचार को हवा देने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं जिससे निश्चित तौर पर नगर पालिका परिषद के चुनाव में कुछ व्यक्तियों एवं अपनी चाहते जनप्रतिनिधियों को लाभ पहुंचाने का भरपूर प्रयास माना जा सकता है। ऐसा ही नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के द्वारा टेंडर निकाला गया है जो विवादों से भरपूर है जिसे भी लेकर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि चुनाव की पार्टी एवं व्यक्तियों को खुश करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संपर्क करना चाहा तो उनके द्वारा संपर्क नहीं हो सका से उनका पक्ष नहीं रखा गया। निश्चित तौर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर, शिवपुर चर्चा, मनेद्रगढ़ तथा नया नगर पंचायत के रूप में ग्राम पंचायत पटना का उन्नयन कर यहां पर भी चुनावी लॉलीपॉप के रूप में पार्टी को लाभ पहुंचाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

सेक्टर-5 में चाकूबाजी, युवक घायल

रायपुर। दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां देर रात एक बार फिर चाकू बाजी की घटना सामने आई है दुर्ग के भिलाई सेक्टर 5 स्थित सड़क नंबर 32 में मोहन नामक युवक अपने दो दोस्तों के साथ टहल रहा था। इसी बीच 10 से 12 युवक आए और उससे दो लड़कों को फेटो दिखाकर लड़को का पता पूछने लगे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कोरिया बैकुंठपुर। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार रात में निधन के बाद शुक्रवार को कोरिया जिले बैकुंठपुर के कांग्रेसी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी देते हुए याद किया। इस दौरान कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। जनता के प्रति देश के विकास के प्रति उनका कमिटमेंट उसे हमेशा बहूत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ मनमोहन सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था। उनकी विनम्रता वीरमाता सौम्यता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी। पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि जिले वासियों की तरफ से डॉक्टर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने हर दल के व्यक्ति से संपर्क रखा,सहज उपलब्ध रहे। इस कठिन घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। सभी क्षेत्रवासियों की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक जायसवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने आज अपना एक संरक्षण और मार्गदर्शन को दिया। उनके जैसा व्यवहार वाला नेता मिलना मुश्किल है द्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद ने कहा कि साधारण परिवार से उठकर वह एक प्रतिष्ठ अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री समेत विभिन्न पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक गहरी छाप छोड़ी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि वह विरोधियों के द्वारा अनुच्छेद और व्यक्तिगत हमले के बावजूद देश की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ रहे। हम कांग्रेसी अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोकाकुल हैं। इस अवसर पर बृजवासी तिवारी,बिहारी लाल राजवाड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव, अनित जायसवाल,चंद्र प्रकाश राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, भूपेंद्र यादव,रवि शंकर राजवाड़े,संगीता राजवाड़े,लक्ष्मी सिंह, सनज्योति मरकाम, सौरभ गुप्ता,संतोष गोयन, धीरज सिंह,मोनू माझी,मनीष सिंह,दिल बंधु यादव, रियाजुद्दीन, अंकित गुप्ता लवी, सुहेल, चिंटू खान, विजय चक्रधारी, हीरालाल साहू,सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, पत्नी की मौत

भिलाई। भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर गुरूद्वारा के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आम्रपाली निवासी राकेश अग्रवाल अपनी पत्नी कमलेश अग्रवाल के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी नेहरू नगर गुरूद्वारा के सामने ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे महिला कमलेश ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। इस दर्दनाक हादसे में कमलेश का सिर धड़ से अलग हो गया। वहीं राकेश को भी गंभीर चोट आई। इधर इस घटना की खबर लगते ही 112 की टीम घटना स्तर पर पहुंची और घायल राकेश अग्रवाल को निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं कमलेश के शव को सुपेला अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है। इधर इस मामले की सुपेला पुलिस जांच में जुड़ गई है और वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाल रही है ताकि हादसे का कारण स्पष्ट हो सके। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को चपेट में लेने के बाद ट्रेलर चालक वाहन से फरार हो गया है।

प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

रायपुर। दुर्ग में एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने खुद कर आत्महत्या कर ली। युवती का नाम श्रेया बताया जा रहा है तो वहीं युवक का नाम राहुल है । दरअसल पूरी घटना रात 3:00 बजे की है जब हावड़ा मुम्बई रूट पर चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस के सामने प्रेमी युगल ने कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी पहुंची और पंचनामा कराया गया तो वही दोनों के शव को ममर्चुरी में रखवाया गया है।

नि:क्षय सूरजपुर के लिए अंतर विभागीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

सूरजपुर। नि-क्षय निरामय कार्यक्रम के अंतर्गत होटल आदित्या में अन्तर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन लेप्रा सोसाइटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्टेक होल्डर्स का सेंसटाइजेशन एवं एसीएफ 100 दिवसीय कैंपिंग में शिविर केवीपी मेपिंग अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुझाव डाटा लिया जा सके जिसमें शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खनिज विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मितानिन कार्यक्रम, पिरामल फाऊंडेशन आदि संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर एस सिंह महासचिव इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लिए सामुदायिक सहभागिता अति आवश्यक है। जिसके लिए विभिन्न विभागों से तालमेल और बेहतर समन्वय बनाने की आवश्यकता है। जो भी विभाग अपनी आंतरिक बैठक करता है उसमें टीबी मुक्त पंचायत के मापदंडों पर अवकाश चर्चा करें इससे सम्भावित टीबी पेसेंटों की पहचान करने में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कपिलदेव पैकरा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि टीबी हारेगा देश जीतेगा इसके लिए सभी विभागों का समन्वय होना अति आवश्यक है। जनभागीदारी जितना बढ़ेगा उतनी अधिक सफ्लता मिलेगी। विभाग के द्वारा क्रियान्वित गतिविधियों को सभी गम्भीरता से लेते हुए कार्य करना है। इस कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता बेक संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग ने कहा कि टीबी की बिमारी संक्रमण से फैलती है और इस संक्रमण से बचने के लिए हमें अपने पड़ोस पर ध्यान देना होगा। पड़ोसी खांसता है तो उसका जांच जरूर करवाएं। डॉ प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि टीबी मुक्त भारत की समीक्षा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ जे पी नड्डा स्वयं कर रहे हैं । आप सोच सकते हैं कि यह कार्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है। टीबी मुक्त सूरजपुर के लिए हमें पूरी तन्मयता के साथ कार्य करना होगा। नि क्षय निरामय कार्यक्रम के तहत सी दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी को सहयोग करना है। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ उे एस आर सरूता ने कहा कि हम एक कार्यों योजना बना कर कार्य करना होगा। अपने समय का किमत समझे एक पल भी बेकार न जाने दें। लेप्रा सोसायटी के राज्य कार्यक्रम परियोजना विशेषज्ञ सूरज बघेल ने कहा कि हाई रिस्क कम्यूनिटी, हाई रिस्क एरिया का पहचान कर उक्त क्षेत्र में विशेष फोकस करने की आवश्यकता है। जैसे नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले लोग अथवा समुदाय, खनिज, फैक्ट्री क्षेत्र, आदि। जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र के संजीत कुमार ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर भी अन्तर विभागीय बैठक का आयोजन हो और समीक्षा हो , नि-क्षय दिवस के महत्व को बारम्बार बताएं, जन आरोग्य समिति बैठक में टीबी का चर्चा करना है। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने किया। सुरेश कुमार गुप्ता जिला कुष्ठ सलाहकार ने कहा कि टीबी के साथ साथ कुष्ठ रोगियों का भी पहचान कर चिन्हांकन करें। आभार प्रदर्शन रितेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत, जनेश्वर सिंह खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सखन राम आयाम , सुभाष यादव, निलेश दुबे, कविता गुप्ता, कविर सिंह, राम विलास सिंह,निरेश दुबे मदनलाल, पीएन साहु, वंदना जायसवाल अर्चना कुशवाहा, आसमां खान गोविंद राम, सुखमनीया प्रजापति, पार्वती नाविक फूलमती यादव आदि उपस्थित रहे।

4729 अप्रारंभ पीएम आवास का सुशासन दिवस पर किया गया भूमि पूजन

सूरजपुर। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले में नई पहल करते हुए पीएम आवास निर्माण एवं ग्रामीण आजीविका प्रशासन द्वारा इसे शीघ्र ही मूर्त रूप देने की दिशा में योजनाबद्ध कार्य योजना भी बनायी गई है, आवास मित्रों के माध्यम से निर्माण कार्य को सतत मॉनीटरिंग की जायेगी। सूरजपुर जिले में 27842 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निर्माण संबंधित उत्पाद की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति करने की जिम्मेदारी जानकी स्वयं सहायता समूह सहित अन्य समूहों को दी गई है जिसके अंतर्गत 312 सेट शटरिंग प्लेट के माध्यम से समूह की महिलाएं आवास निर्माण में सहयोग कर रही हैं। गौरतलब है कि पीएम आवास के अलावा भी समूह की दीदियां शटरिंग प्लेट को अन्य जगहों जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी किराए पर दे सकती है। प्रति शटरिंग प्लेट 05 रुपये की राशि प्रति दिन के लिये निर्धारित की गई है।

उपस्थिति में विधि विधान से भूमिपूजन कराया गया, इसके साथ ही जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ 4729 आवासों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी हुआ है। जिला

पवई फाल बना प्रमुख पिकनिक स्पॉट

बलरामपुर। जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित दर्शनीय स्थल पवई फाल प्रमुख पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है। वर्ष की विदाई और नए साल के स्वागत के लिए पवई फाल में सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। यहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड से भी बड़ी संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने पहुंच रहे है।

जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम खड़ियाडामर से घने जंगल और पहाड़ के बीच पवई फाल स्थित है। यहां की नैसर्गिक खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है चारों तरफ पहाड़ों से घिरे पवई फाल में बलरामपुर रामानुजगंज जिले से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने आते हैं। वहीं दूसरे राज्य से भी पिकनिक मनाने पहुंच रहे है।पुराने साल की विदाई एवं नए साल के आगाज के पूर्व ही बड़ी संख्या में यहां सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया है। पवई फाल तक जाने के लिए रास्ता काफी दुर्गम है। भीड़ अधिक होने पर वहां काफी दूरी पर खड़ा करना पड़ता है ऐसे में पवई फाल तक पैदल जाना पड़ता है। पवई फाल में यदि बच्चों को ले जाते हैं तो विशेष सावधानी रखनी पड़ेगी जाने के लिए।

सेल्फी लेना हो सकता है खतरनाक- पवई फाल में 100 फीट ऊंचाई से गिरता झरना लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। वही यहां पर पहुंचने वाले लोग चट्टान पर खड़े होकर सेल्फी लेते हैं यहां पर सेल्फी लेते समय काफी सावधानी बरतनी की आवश्यकता पड़ती है थोड़ी सी भी असावधानी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि पवई फाल जाने में जो नाला पड़ता है उस पर पुलिया बनाने के लिए प्रस्ताव गया है कि नहीं यह देखते हैं। यदि नहीं गया होगा तो प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।

फीट ऊंचाई से झरना गिरता है झरना को गिरते देखना अद्भुत आनंद प्रदान करती है। यहां सैलानियों के लिए झरना का गिरते देखना सबसे आकर्षक का केंद्र होता है।

3 नाला करना पड़ेगा पार, रखनी पड़ेगी सावधानी- पवई फाल जाने के लिए तीन नाला पड़ता है जिसमें एक नाला से आसानी से चार चक्का वाहन पार हो जाता है। वहीं दो नाला से पार करना मुश्किल होता है।तीनों नाले में पानी बहता रहता है। पवई फाल जाने के लिए पतला पगडंडी वाला रास्ता रहता है जिसमें एक ओर खाई है दूसरी ओर पहाड़ है बहुत ही सावधानी रखनी पड़ेगी जाने के लिए।

रामानुजगंज के नगरपालिका बनने से लोगों में हर्ष व्याप्त

रामानुजगंज। नगर पंचायत रामानुजगंज के 32 वर्षों के बाद नगर पालिका बनने की अधिसूचना की कापी जैसे ही सोसल मीडिया पर गुरुवार को वायरल हुई नगरवासियों में खुशी की लहर देखी गई नगर के एक से लेकर 15 वार्डों में लोग सड़कों पर आकर एक दूसरे को बधाइयां देने लगे चारों ओर दिवाली जैसी खुशियां मनने लगी। गुरुवार के देर रात तक पटाखे फोड़े गए वहीं एक दूसरे को लोग मिठाइयां खिलाते देखे गए। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं वरिष्ठ पार्षद राजेश सोनी रायपुर पहुंचकर कृषि मंत्री राम विचार नेताम को नगर पंचायत रामानुजगंज को नगरपालिका बनाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया वही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भी मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि बीते 10 वर्षों से नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा नगर पालिका बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यहां तक की जन भावनाओं के अनुरूप नगर के पिछले कार्यकाल के सभी निर्वाचित पार्षद एवं वर्तमान कार्यकाल के सभी निर्वाचित पार्षदों ने सर्वसम्मति से तीन बार नगर पालिका बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार बनने के बाद नगर पालिका बनने की आस जगी थी जो गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के बाद मूर्त रूप ले ली। सोसल मीडिया पर जैसे ही अधिसूचना की कॉपी वायरल हुई वैसे ही नगर में जबरदस्त खुशी का माहौल देखा गया शाम से जो पटाखा फूटना शुरू हुआ देर रात तक पटाखा फूटता रहा नगर में दिवाली जैसा माहौल निर्मित हो गया था।लोग एक दूसरे को मिठाईयां खिलाते देखे गए। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं वरिष्ठ पार्षद राजेश सोनी रायपुर पहुंच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कृषि मंत्री राम विचार नेताम से मिलकर नगरवासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

एसी का कॉपर वायर पार

रायपुर। आस्था डायलोसिस का बाउण्ड्री फांदकर अज्ञात चोर ने एसी का कॉपर वायर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र गौतम 47 वर्ष आस्था डायलोसिस के पास पचपेड़ीनाका न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके आस्था डायलोसिस का बाउण्ड्री दिवाल फांदकर अंदर प्रवेश किया और एसी का 130 फीट कॉपर वायर को चोरी कर लिया। चोरी गए कॉपर वायर की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जिलाबदर का आरोपी अवैध क्षेत्र में घुमते गिरफ्तार

रायपुर। वाल्मिकी नगर कबीरनगर में जिलाबदर आरोपी घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी आसु क्षत्री 22 वर्ष को रायपुर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था, जो बिना अनुमति के अवैध क्षेत्र में घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

फोन कर अधेड़ को दी धमकी

रायपुर। छछानपैरी मुजगहन में युवक ने अधेड़ को कॉल कर अश्लील गाली-गलौज कर मैसेज किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

अराजक तत्वों पर निगरानी, होगी सख्ती

कोरबा। अंग्रेजी नववर्ष के स्वागत के दौरान किसी भी प्रकार के अनावश्यक तमाशा करने वाले तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी होगी। कहीं से भी इस प्रकार की खबरें आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में 31 दिसंबर से पहले ही व्यवस्था को ठीकठाक बनाने के लिए टीमें पेट्रोलिंग करेगी। चौराहों के अलावा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर जवान तैनात किए जाएंगे। प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक पर पटाखे की आवाज वाले सेलेंसर समेत चारपहिया गाड़ियों में हुटर लगे होने पर एक्शन होगा। दोपहिया में तीन सवारी को भी ध्यान में रखा जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी तरह से अभद्रता करना किसी को भी महंगा पड़ सकता है। हाल की कुछ घटनाओं को पुलिस ने ध्यान में रखा है और स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि किसी भी इलाके में अनापेक्षित चीजें नहीं होना चाहिए। हैप्पी न्यू ईयर के बहाने गैरजरूरी हरकत करते पाए जाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी निश्चित रूप से होगी। पुलिस ने संजय नगर क्षेत्र में मारपीट से जुड़े गुंडों का जुलूस निकालकर अपने इरादे साफ किए हैं।

पोड़ी उपरोड़ा उपार्जन केंद्र में केवल चार हमाल के भरोसे व्यवस्था, बनी हैं चुनौतियां

धान बेचने से पहले बारदाना में भरने और खुद तौल करने को मजबूर किसान

कोरबा। समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने के लिए भले ही सरकार ने व्यवस्था कुछ और बनाई हो लेकिन पोड़ी उपरोड़ा उपार्जन केंद्र में धान उत्पादकों को एक प्रकार से श्रमिक की भूमिका भी निभानी पड़ रही है। वे यहां धान लाने के बाद उसे अगली प्रक्रिया में शामिल करते हुए खुद ही तौल करते हैं। कारण यह है कि समिति प्रबंधक ने गिनती के चार हमाल रखे हैं। ऐसा करने से समिति के पैसे तो बच रहे हैं लेकिन किसानों को अपनी ऊर्जा लगानी पड़ रही है।

जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है। जहाँ समय समय पर कलेक्टर अजित वसंत के निर्देश पर प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रो पर नजर रखी जा रही है। समस्या का समाधान भी त्वरित गति से करने के दावे किए जा रहे हैं ताकि किसान अपनी धान सरलता से बिक्री कर सके। इन सबसे अलग पोड़ी उपरोड़ा उपार्जन केंद्र में पंजीकृत किसान परेशान नजर आ रहे हैं। मीडिया को इस तरफ नजर दौड़ाने पर मालूम हुआ कि 25000 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य इस समिति को मिला है। इस अनुपात में धान खरीदी केंद्र मे महज 4 हमाल रखे गए हैं। ऐसी स्थिति में

कामकाज प्रभावित होना स्वाभाविक है। किसानों ने बताय कि पोड़ी उपरोड़ा में यह समस्या हर साल होती है जिसके कारण किसान खुद ही लेबर लेकर आते हैं और यहां मंडी के सारे कार्य करते हैं। किसानों ने बताया ट्रेक्टर से धान उतार कर बारदाना मे भरते हैं। उसके बाद खुद ही तौल करते हैं। यही नहीं, तौल करने के बाद बारदानों को कंधे पर उठाकर छल्ली भी लगाते हैं। किसानों का कहना है कि अब चूंकि उत्पाद हमारा है और समस्या उपार्जन समिति की है। ऐसे में हमें अपना सिरदर्द कम करने के लिए श्रम करना पड़ रहा है।

हमारा काम केवल धान उठाव कराना

धान खरीदी केंद्रों से संबंधित व्यवस्था और क्रियान्वयन को लेकर जिला सहकारी बैंक और पंजीयक सहकारी समितियां ही बेहतर ढंग से बता सकती हैं। मार्कफेड का काम उपार्जन केंद्रों में किसानों के द्वारा बिक्री किए गए उत्पाद का मिलर्स के माध्यम से उठाव कराना और उसे निश्चित जगह तक भिजवाने का है।

- जान्हवी जिलहरे, डीएमओ मार्कफेड

संकरे रास्ते से समस्या

पोड़ी उपरोड़ा उपार्जन केंद्र तक जाने वाला रास्ता संकरा है। एक वाहन के खड़े होने पर दूसरे वाहन का आना मुश्किल होता है। जो कुछ जानकारी है, उसके हिसाब से हाल में ही धान लेकर किसान पहुंचा था। उस दिन कुछ हमाल नहीं आए थे और चार लोग मौजूद थे। किसान ने इंतजार करने से मना किया और खुद होकर काम किया। हम हमालों की संख्या अब 6 कर रहे हैं।

- मणीशंकर मिश्रा, पर्यवेक्षक पोड़ी उपरोड़ा

करंट की चपेट में आने से नर हाथी की मौत

विभाग में मचा हड़कंप

कोरबा। जिले के वन मंडल कोरबा अंतर्गत आने वाले गीतकुंवारी व समरकना जंगल के बीच करंट की चपेट में आ जाने से एक नर हाथी की मौत हो जाने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के एसडीओ द्वय आशीष खेलवार एवं सूर्यकांत सोनी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के साथ आगे की कार्यवाही में जुट गए हैं।

बताया जाता है कि यह घटना बीती रात जंगल के कक्ष क्रमांक 1123 में घटित हुई। जंगल से विद्युत लाईन गई हुई है, जिसकी ऊंचाई काफी कम है। बीती रात क्षेत्र में विचरण कर रहे 20 हाथियों के दल में से एक नर हाथी अलग होकर यहां पहुंच गया था और उसकी सूड़ तार से टकरा गया। करंट लगते ही हाथी की मौत हो गई। आज सुबह ग्रामीणों ने हाथी को मृत अवस्था में देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। करंट से हाथी की मौत की सूचना मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी एसडीओ द्वय के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर घटना की वस्तु स्थिति जानने के साथ ही आगे की कार्यवाही में जुट गए हैं। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली तार झुकी हुई है। इसे ठीक करने के लिए कई बार बिजली विभाग को अवगत कराया गया, किन्तु विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। फल स्वरूप यह घटना घटित हो गई।

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 1 से, प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी भी

कोरबा। अखिल विश्व गायत्री परिवार सप्तक्रांतियों को लेकर वैश्विक स्तर पर काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ में उसकी गतिविधियां तेजी से जारी है। उसने जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में तीन दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ करना तय किया है। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

गायत्री परिवार का यह आयोजन कोयलांचल कुसमुंडा के स्टेडियम मैदान में संपन्न होगा। बताया गया कि 1 से 4 जनवरी की तिथि आयोजन के लिए रखी गई है। 108 बेदियों में आहूतियां दी जाएंगों और पर्यावरण के साथ-साथ सृष्टि व नागरिकों की कल्याण की कामना की जाएगी। गायत्री परिवार की ओर से इस आयोजन के अंतर्गत निःशुल्क संस्कार संपन्न कराने की व्यवस्था की गई है। इसमें अन्न प्रासन्न से लेकर नामकरण, उपनयन और सामूहिक विवाह को शामिल किया गया है। बताया गया कि कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 5 बजे से प्रारंभ होंगें ओर रात्रि 8 बजे तक संचालित होंगें। कार्यक्रम की कड़ी में 3 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे से ऊर्जा क्लब कुसमुंडा में प्रबुद्ध वर्ग संगोष्ठी रखी गई है। विभिन्न समाज और संगठन के प्रतिनिधि इसमें आमंत्रित किए गए हैं। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या होंगे। मनोविज्ञान में उपाधि के साथ चिकित्सक डॉ. पंड्या को कई क्षेत्रों में महारत हासिल है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से संबंधित चुनौतियों के बारे में उनका मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजन के समापन बेला में दीपदान की परंपरा निभाई जाएगी।

सुविधा के लिए दिया अंडरपास, भट्ठी के लिए एक और अंडरपास की मांग को लेकर चक्काजाम

कोरबा। कोरबा-चांपा निर्माणाधीन एनएच 49वी में बरपाली के एक इलाके में कुछ लोगों ने चक्काजाम कर आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी। इसके लिए किसी प्रकार की सूचना सक्षम अधिकारियों को नहीं दी गई थी। सबसे खास बात यह है कि जिस जगह पर अंडरपास की मांग की जा रही है वह कहीं और नहीं शराब भट्ठी की ओर जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा सड़क संपर्क का जाल बिछाने के लिए बेहतर काम किया जा रहा है। कोरबा से चांपा को इस सुविधा को शामिल किया गया है। इस मार्ग पर मौजूद गांवों के लोगों को सहूलियत देने के इरादे से अनिवार्य रूप से अंडरपास बनाए गए हैं। इससे अलग हटकर बरपाली में कुछ लोगों ने जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, आज सुबह एनएच पर चक्काजाम कर दिया। इनकी मांग थी कि अतिरिक्त अंडरपास की जरूरत है और इसे पूरा किया जाना चाहिए। अचानक चक्काजाम करने से कोरबा-चांपा मार्ग और अन्य क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले लोग परेशान हुए। इस चक्कर में कई लोगों की ट्रेन छूट गई जबकि कई लोगों को बस कनेक्शन से भी हाथ धोना पड़ा। इसे लेकर यहां विरोध प्रदर्शन भी हुआ। यात्रियों ने प्रदर्शन करने वालों की खबर ली।

की जाएगी कार्रवाई मामले में

बरपाली में हाइवे पर एक जगह पहले ही अंडरपास दिया गया है। जिस बात के लिए आज प्रदर्शन किया गया वह रास्ता शराब भट्ठी को जाता है। यह अनुचित मांग है। बिना सूचना के प्रदर्शन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

राहुल पांडेय, तहसीलदार बरपाली

वन विभाग व एटीआर की टीम ने मुस्तैदी से टाला खतरे को

बाघिन ने किया मरवाही का रूख

कोरबा। कटघोरा वनमंडल में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों तथा एटीआर की टीम ने बाघिन के खतरे को बड़ी मुस्तैदी से टाल दिया है। दोनों ही टीम द्वारा बाघिन की लगातार निगरानी की जाती रही।

फलस्वरूप बाघिन ने एक सप्ताह की मौजूदगी के बावजूद कुछ मवेशियों के अलावा बड़ा नुकसान नहीं किया और बीती रात मरवाही डिविजन का रूख कर लिया। बाघिन के अन्यत्र जाने से यहां के अमले और ग्रामीणों ने फिलहाल राहत की सांस ली है। अब बाघिन के वापस अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र जाने की संभावना बढ़ गई है। क्योंकि बाघिन ने अचानकमार से मरवाही के रास्ते कटघोरा वनमंडल में प्रवेश किया था और यहां लगातार विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर आतंक मचा रही थी। इस दौरान पसान रेंज के अलावा केंदई में भी पहुंच गई थी। केंदई रेंज के साल्ही पहाड़ तथा कोरबी के निकट दो दिनों तक विचरण करने के बाद वापस पसान रेंज पहुंची और यहां के तनेरा और लैंगा सर्किल में विचरण करने के बाद बीती रात आगे का रूख की और जंगल ही जंगल होते हुए पसान रेंज की सीमा को पार कर मरवाही जंगल पहुंच गई। इस दौरान वन विभाग की टीम और एटीआर की सदस्यों द्वारा लगातार निगरानी की जाती रही। ज्ञात रहे बाघिन के अचानक पहुंचने से वन विभाग में हड़कंप मच गया था।

बाघिन की ट्रैकिंग के लिए एटीआर की टीम को बुलानी पड़ी थी। डीएफओ कुमार निशांत एवं उनकी टीम ने भी काफी सक्रियता का परिचय दिया तथा जहां-जहां बाघिन की दस्तक होती थी फौरन मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सचेत करने के साथ-साथ निगरानी में जुट जाते थे।

सरपंच को चाहिए बिना बिल के भुगतान, पंचों ने जताया विरोध

-स्थानीय संवाददाता-

कोरबा। बांगो में सरपंच के द्वारा बिना बिल और वाउचर के कई कार्यों की लाखों की राशि चाहिए। इसके लिए दबाव बनाया जा रहा है। पंचों ने इसका विरोध किया है। मामले की शिकायत एसडीएम से की गई है।

बांगो ग्राम पंचायत के 9 पंचों ने इस मामले को लेकर एसडीएम से सरपंच के खिलाफ शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि बांगो पंचायत में सरपंच धन कंवर और वार्ड क्रमांक 11 के पंच रामसाय कंवर के द्वारा बिना बिल वाउचर के ही और मासिक बैठक के बिना ही फर्जी प्रस्ताव तैयार कर पूर्व कार्यकाल के कार्यों की राशि आहरित करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसकी सूचना पहले भी जनपद को दी जा चुकी है

लेकिन सरपंच और संबंधित पंच पर कोई असर नहीं पड़ा है। बताया गया कि फर्जी तरीके से इस ग्राम पंचायत के सरपंच को राशि ड़ा कराने के लिए एक राजनीतिक दल के कुछ लोग भी सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा सचिव को कहा जा रहा है कि भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई करे वरना नौकरी से हाथ धो बैठेगा। बताया गया कि राशि लाखों में है और जिसका आधार कुछ नहीं है। ऐसे में समस्याएं होना स्वाभाविक है। सचिव ने मामले में हाथ खड़े कर दिए हैं। मौजूदा घटनाक्रम को लेकर पंचों ने पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम से लिखित शिकायत कर वास्तविकता बताई है। जनपद पंचायत सीईओ को भी अवगत कराया गया है। सीईओ ने कहा कि जांच के साथ इस मामले में अगला एक्शन होगा।

निकाली गई रैली

कोरबा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती पर भिलाई बाजार मंडल में भी कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीन स्थानों पर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर व हेमंत तिवारी के मार्ग दर्शन पर रैली निकाली गई। छीन पुर दर्री व अखरापाली में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने रैली की जोर दार तैयारी की थी। इसके अलावा मंडल के सभी बूथों में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनेश राठौर नरे बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

अशोक बने जेसीसी सदस्य

कोरबा। एसईसीएल कुसमुंडा एरिया में एचएमएस के अशोक साहू व सुरजीत सिंह को जेसीसी सदस्य बनाया गया है। इनका कार्यकाल 1 जनवरी से शुरू होगा। वर्तमान में अशोक प्रोजेक्ट के भी जेसीसी सदस्य है। इनके सदस्य बनने से संगठन पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा। संगठन का ग्राफ और बढ़ सकता है।

जैव विविधता और जानकारी के खजाने से लबरेज है पिकनिक स्पॉट, लोगों की बढ़ी रूचि

कोरबा। विंटर सीजन और स्कूलों में कुछ दिनों की छुट्टियां प्रभावशील होने के साथ हर कोई इस कालखंड का अपने तरीके से इंजॉय करने को तैयार है। कोरबा जिले में पिकनिक स्पॉट्स लोगों से गुलजार है। सैर सपाटे के साथ लोग यहां वन भोज करने में दिलचस्पी ले रहे हैं। कई प्रकार के मनोरंजन खेल से लेकर अन्य गतिविधियों में लोगों की भागीदारी दर्ज हो रही है।

औद्योगिक जिले कोरबा में ठंड का मौसम लोगों के लिए काफी सुकून भरा माना जाता है। इस दौरान हर कहानी पर्यटन संबंधित गतिविधियों में तेजी आती है जो कि इस बार भी देखने को मिल रही है। सरकार ने शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा की है। जबकि से पहले ही मौसम में ठंडकता ज्यादा आने से विद्यालयों की समय सारणी बदल दी गई। समीकरण के साथ लोग समय का सही उपयोग करने को लेकर प्लानिंग कर रहे हैं। और उन स्थानों पर उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से खूबसूरत है और बायोडायवर्सिटी के साथ-साथ कई और मामलों में इनका कुछ ज्यादा महत्व है। झोरा

घाट, केंदई फॉल, केसला, देवपहरी फॉल, खेतर, परसाखोला, बुका सतरेंगा जल विहार केंद्र ऐसे ही महत्वपूर्ण पिकनिक स्पॉट से जहां पर लोगों का आना जाना इस मौसम में ज्यादा है। इन स्थानों पर हर आयु वर्ग के लोग न केवल प्रकृति की मौजूदगी में वन भोज करने के इरादे से पहुंचते हैं बल्कि उनका उद्देश्य इस बात का भी होता है कि वहां पर कुछ घंटे बिताने के साथ नदी नाले, पहाड़, भौगोलिक स्थिति, जैव विविधता और विशाल पक्षी वनस्पति संसार को समझा जाए। ऐसी स्थान पर आने वाला वर्ग अलग-अलग रुचि से संबंधित खेल और मनोरंजन गतिविधियों में भी अपने को व्यस्त रखने के साथ अपने कौशल को निखारने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

पथर्रीपारा में दावेदारों की लाईन लगी

कोरबा। नगर पालिक निगम अंतर्गत पथर्रीपारा वार्ड को सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई कार्यकर्ता तैयारी कर रहे है। युवा के जिलापाध्यक्ष व कुदमुरा मंडल प्रभारी दिनेश तिवारी लगातार कार्यकर्ताओं की बैठक भी ले रहे है। इसी तरह कोसाबाड़ी मंडल के मंत्री मिलाप राम कर्ष का भ्जी नाम सामने आया है। विलाप राम कर्ष बरेठ समाज के जिलाध्यक्ष है। इसके अलावा मैनेजर दास का भी नाम सामने आया है। भाजपा में दावेदारों की लंबी लाईन है। तो दूसरी ओर कांग्रेस के कार्यकर्ता यह मानकरचल रहे है कि कांग्रेस के वार्ड पार्षद मुकेश राठौर लगातार चुनाव जीतते रहे है। इस यहां से उन्हें दूबारा मैदान मेंउतारा जा सकता है।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com